चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 237, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 26 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कांग्रेस का ठेका अब अर्बन नक्सलियों के पास है: मोदी

# 'मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी'

**भोपाल**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भोपाल में कहा, 'मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है। जब मोदी गारंटी देता है, तो वो जमीन पर उतरती है। घर-घर पहुंचती है।'

कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए पीएम ने कहा, 'कांग्रेस को अब कांग्रेस के नेता नहीं चला रहे। अब कांग्रेस एक कंपनी बन गई है। नारों से लेकर नीतियों तक हर चीज आउटसोर्स कर रही है। ये ठेका अब कुछ अर्बन नक्सलियों के पास है। कांग्रेस में अब अर्बन नक्सलियों की चल रही है।' पीएम ने जंबूरी मैदान में भाजपा के कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने अपनी सारी इच्छाशक्ति खो दी है। कांग्रेस के जमीन से जुड़े नेता चुपचाप मुंह पर ताला लगाकर बैठ गए हैं। कांग्रेस पहले बर्बाद हुई, बैंक करप्ट हुई, अब अपना ठेका दूसरे लोगों को दे दिया है। ये ग्राउंड पर कांग्रेस का हर कार्यकर्ता महसूस कर रहा है। कांग्रेस जमीन पर लगातार खोखली हो रही है।' पीएम ने आग्रह करते हुए कहा, '2 अक्टूबर को बापू की जयंती है। इससे पहले 1 अक्टूबर को स्वच्छता से जुड़ा कार्यक्रम पूरे देश में होने वाला है। मेरा आग्रह है कि आप सभी इस स्वच्छता के कार्यक्रम में जुड़िए। त्योहारों में हमें 'वोकल फॉर लोकल' याद रखना है। खादी के कपड़े खरीदने हैं। जो गिफ्ट खरीदें, वो लोकल हो, भारत में बना हो, यह बात हमें कभी भी भूलनी नहीं है।'

विपक्ष ने खट्टे मन से समर्थन किया: पीएम ने कहा कि मोदी ने आपको जो गारंटी दी थी, वो पूरी हो गई। लोकसभा-राज्यसभा में 33% सीट आरक्षित करने का कानून 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित हुआ। दशकों से देश की माताएं-बहनें इसका इंतजार कर रही थीं। यह तक कहा जाने लगा था कि शायद यह कभी नहीं हो पाएगा। कांग्रेस और उसके नए घमंडिया गठबंधन ने मजबूरी में इस बिल का समर्थन बहुत खट्टे मन से किया। इनके गठबंधन में जितने लोग हैं, वही लोग हैं, जिन्होंने 30 साल तक इस कानून को पारित नहीं होने दिया। पार्लियामेंट में हुड़दंग किया, बिल फाड़ दिए, स्पीकर पर हमले बोल दिए। इनको नारी शक्ति वंदन अधिनियम का मजबूरी में समर्थन इसलिए करना पड़ा, क्योंकि मेरी माताएं-बहनें जाग गई हैं। उन्होंने अपनी शक्ति का परिचय करवा दिया है। ये माताओं-बहनों से डरे हुए हैं। इसलिए सिर नीचा कर हाउस में बेमन से अंगुली दबा दी। यह नया खेल खेलेंगे, पक्का मानिए: पीएम ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग माताओं - बहनों को धोखा देना का तय करके बैठे हैं, तैयार बैठे हैं। कांग्रेस के घमंडिया साथी वही हैं।



### यह सरकार चुनौतियों को चुनौती दे सकती है: मोदी

पीएम ने कहा कि देवी अहिल्या बाई और रानी दुर्गावती सहित हमारे अनेक पूर्वजों ने भारत की विरासत को समृद्ध करने में भूमिका निभाई। कांग्रेस और उसका घमंडिया गठबंधन हमारी इस विरासत - सनातन को समाप्त करना चाहता है। ऐसे दलों से एमपी को बहुत सावधान रहना होगा। आज भारत एक बहुत महत्वपूर्ण कालखंड में प्रवेश कर चुका है। हर देश भारत से मित्रता करना चाहता है। हर निवेशक यहां अवसर देख रहा है। चंद्रयान का गौरवगान हो रहा है। कुछ दिन पहले हुए जी-20 सम्मेलन में हमारी भूमिका और सशक्त हुई है। यह इसलिए है, क्योंकि आपने स्थिर और मजबूत सरकार चुनी। यह सरकार चुनौतियों को चुनौती दे सकती है। हजार वर्ष के गुलामी के कालखंड में हमने जो आत्मविश्वास खोया, आज भारत उस आत्मविश्वास को पुन: जी रहा है। आज हम जो फैसले लेंगे, वो आने वाले हजार साल की हमारी यात्रा को तय करने वाले हैं।

### 'आपके दादा-दादी को अभाव में रखने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार'

**पीएम** ने कहा कि मैं मध्यप्रदेश के फर्स्ट टाइम वोटर को बताना चाहता हूं कि आपके माता-पिता, दादा - दादी को अभाव में रखने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। उनको मुसीबत में जीने के लिए मजबूर करने वाली कांग्रेस एकमात्र पार्टी है। कांग्रेस सिर्फ एक परिवार का गौरवगान करने में जुटी रही। प्रजातंत्र को परिवारतंत्र बना दिया।

एमपी में कांग्रेस के शासन की पहचान थी- कुनीति, कुशासन और करोड़ों का करप्शन। साधन - संपन्न और समर्थ युवाओं वाले मध्यप्रदेश को बीमारू बना दिया था। यहां के युवाओं ने कांग्रेस के जमाने की खराब कानून व्यवस्था नहीं देखी। उस दौर की खस्ताहाल सड़कें नहीं देखीं। अंधेरे में जीने को मजबूर गांव और शहर नहीं देखे।

एमपी में भाजपा की सरकार को लगभग 20 साल पूरे हो चुके हैं। जो युवा पहली बार वोट डालेंगे, उन्होंने भाजपा की ही सरकार को देखा है। ये युवा सौभाग्यशाली हैं। हमें ध्यान रखना है कि विकास का जो रास्ता एमपी के लोगों ने बनाया है, उस विकास की गाड़ी सड़क से उतरे नहीं, भटके नहीं और अट-के भी नहीं।


## 'हिंदुस्तान की सरकार को कैबिनेट सेक्रेटरी और सेक्रेटरी चलाते हैं: राहुल

**बिलासपुर**

**राहुल** ने बिलासपुर में कहा कि मोदी जी, अडानी-अंबानी के जहाज में जाते हैं, आखिर ये रिश्ता क्या है।

मैंने जब इस रिश्ते के बारे में पूछा तो जवाब तो नहीं आया, बल्कि मेरी लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी। आवास सम्मेलन के मंच से राहुल गांधी ने केंद्र पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुस्तान की सरकार को एमएलए और एमपी नहीं चलाते, बल्कि कैबिनेट सेक्रेटरी और सेक्रेटरी चलाते हैं। 90 सेक्रेटरी हैं, वो योजना डिजाइन करते हैं। रुपया कहां जाएगा, ये डिसाइड करते हैं। राहुल बोले- संसद में मैंने जब पूछा कि डिफेंस में, एयरपोर्ट में, किसानों के काले कानून में अडानी को फायदा दिलाने की कोशिश की गई। आखिर ऐसा क्यों हुआ। किस रिश्ते के तहत ये फायदे पहुंचाए गए।



### हैदराबाद से चुनाव लड़कर दिखाएं राहुल: ओवैसी

**हैदराबाद**

**ऑल** इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन चीफ और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कांग्रेस सासंद राहुल गांधी को अपने खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। हैदराबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- वायनाड छोड़िए, शेरवानी-काली टोपी वाले से मुकाबला करिए। 16-17 सितंबर को कांग्रेस की वर्किंग कमेटी की बैठक के दौरान राहुल ने ओवैसी पर भाजपा का साथ देने का आरोप लगाया था।

## अधीर रंजन ने ममता के विदेश दौरे पर तंज कसा



**कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने स्पेन के दौरे पर गईं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि ममता स्पेन जा सकती हैं, लेकिन लोगों का दर्द नहीं समझ सकती हैं। राज्य में डेंगू फैल रहा है। हमने पहले ही ममता सरकार को आगाह किया था कि अगस्त-सितंबर में राज्य में डेंगू के मामले बढ़ते हैं, लेकिन उन्होंने कोई कदम नहीं उठाया। अधीर रंजन ने ये बातें मुर्शिदाबाद में मीडिया से कहीं। अधीर ने ममता पर स्पेन के लग्जरी होटल में ठहरने पर भी हमला बोला। उन्होंने बहा कि हमने सुना है मुख्यमंत्री सैलरी नहीं लेती हैं। वे अपनी किताबों और पेंटिंग्स की बिक्री से अपना खर्चा उठाती हैं। तब वो मैड्रिड में 3

### वे स्पेन जा सकती हैं, पर लोगों का दर्द नहीं समझ सकतीं

लाख रुपए प्रतिदिन कीमत वाले होटल में कैसे रुकी हैं? अधीर ने कहा- ममता को बताना चाहिए कि इस लग्जरी ट्रिप पर उन्होंने कितने पैसे खर्च किए हैं? वे अपने साथ कौन से इंडस्ट्रियलिस्ट को ले गई हैं। उन्हें लोगों को बेवकूफ बनाना बंद कर देना चाहिए। हम जानना चाहते हैं कि स्पेन की कौन सी कंपनियां बंगाल में इन्वेस्ट करना चाहती हैं।

मोदी ने बुलेट का वादा करके गुलेर ट्रेन चला दी: वंदे भारत ट्रेन को लेकर अधीर ने कहा कि मोदी ने बुलेट ट्रेन का वादा किया था, लेकिन वे गुलेर ट्रेन चला रहे हैं।

## जोशीमठ के बाद उत्तराखंड के एक और शहर पर खतरा

### धंस रहा नैनीताल, 10 हजार घर खतरे की जद में; 250 को खाली करा रहे



**नैनीताल**

**खूबसूरत** पहाड़ी शहर नैनीताल की जमीन धंसने लगी है। आल्मा पहाड़ी दरकने से 4 घर जमींदोज हो गए। इस घटना के बाद नैनीताल प्रशासन हरकत में आया। आल्मा पहाड़ी पर बने 250 घरों को खाली करवाना शुरू कर दिया। नैनीताल विकास प्राधिकरण ने इन घरों पर लाल निशान भी लगा दिए हैं।

इन घरों को तीन दिन में खाली करने का अल्टीमेटम दिया है। आल्मा सबसे संवेदनशील पहाड़ी है। यहां बसे 10 हजार परिवारों पर खतरा बढ़ रहा है। भूगर्भ वैज्ञानिक प्रो. सीसी पंत के मुताबीक, नैनीताल की भौगोलिक संरचना अन्य पहाड़ी शहरों से अलग हैं। इसके बीचों-बीच से गुजरने वाले नैनीताल फॉल्ट के साथ ही कुरिया फॉल्ट, पाइंस फाल्ट, एसडेल फाल्ट, सीपी हॉलो फाल्ट समेत अन्य छोट-छोटे फाल्ट्स शहर को बेहद संवेदनशील बनाते हैं। इन फॉल्ट में भौगोलिक हलचल बढ़ रही है, जिससे पहाड़ियां कमजोर हो रही हैं। भविष्य में यहां जोशीमठ से भी बड़ी आपदा का खतरा है।

33 साल से इस पहाड़ी पर अवैध निमार्ण: नैनीताल जिला विकास प्राधिकरण का कहना है कि पहाड़ी पर 1989 से 2022 तक बहुत ज्यादा अवैध निर्माण हुए। विभाग के अधिकारी पंकज उपाध्याय ने कहा कि अब हम सख्ती कर रहे हैं। जो लोग घर खाली नहीं करेंगे, वहां ताले डाल दिए जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- हिमालय पर ज्यादा लोड: अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा है कि हिमालय क्षेत्र में जनसंख्या का दबाव बढ़ गया है। इसलिए इसकी क्षमता के अध्ययन के लिए विशेषज्ञ समिति बनाएं।

## मेरी दिलचस्पी नहीं; सुशील मोदी ने कहा- नाक भी रगड़ लें तो एंट्री नहीं

# एनडीए में जाने के सवाल पर नीतीश बोले- फालतू बात

**पटना**

**बिहार के** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार क्या फिर से एनडीए में जाएंगे? पटना में सोमवार को मीडिया के सवाल पर नीतीश ने कहा- ये सब फालतू बात है। इसमें मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है। मेरा सिर्फ एक ही लक्ष्य है- विपक्ष को एकजुट करना। नीतीश कुमार सोमवार को पटना में जनसंघ (वर्तमान में भाजपा) के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती में शामिल होने पहुंचे। नीतीश कुमार ने इस कार्यक्रम के लिए हरियाणा में विपक्ष के महाजुटान से दूरी बना ली। नीतीश की एनीडए में वापसी के सवाल पर बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा सांसद सुशील मोदी ने कहा- नीतीश कुमार एक राजनीतिक बोझ बन गए हैं और अब वे नाक भी रगड़ लेंगे तो उनकी एंट्री एनडीए में नहीं होने जा रही है।



विपक्ष का कार्यक्रम छोड़कर आए थे नीतीश: इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने कैथल में हरियाणा के पूर्व उट चौधरी देवीलाल की जयंती के कार्यक्रम में नीतीश समेत विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं को आमंत्रित किया था। इसमें नीतीश कुमार नहीं गए और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती में शामिल होने पहुंचे। इस पर नीतीश कुमार ने कहा- हम तो कितना जगह जाते हैं। कई जगह जाते हैं ।

## एनसीपी के नाम-निशान पर चुनाव आयोग का फैसला मानेंगे: अजित

**पुणे**

**नेशनलिस्ट** कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नाम और सिंबल को लेकर हो रहे विवाद पर महाराष्ट्र सरकार में डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि चुनाव आयोग का फैसला उन्हें मंजूर होगा। पवार ने बताया कि शरद पवार गुट और अजित गुट के नेता आमने-सामने बैठेंगे, और जो फैसला लिया जाएगा, वह स्वीकार होगा। एनसीपी के दोनों गुट, पार्टी के नाम और चिन्ह पर दावा जताने के मुद्दे पर चुनाव आयोग 6 अक्टूबर को होने वाली सुनवाई की तैयारी कर रहे हैं। शरद पवार के नेतृत्व वाला एनसीपी गुट भी सोमवार को इसी मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा।

मुझे सीएम नहीं बनना, मैं सिर्फ विकास के बारे में सोचता हूं: अजित से जब पूछा गया कि क्या वे महाराष्ट्र में उट बनने वाले हैं। इस पर उन्होंने कहा कि इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। मैं सिर्फ विकास के बारे में सोचता हूं। अजित बोले- ऐसी खबरें उस दिन से चल रही हैं जब से एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने हैं।

महाराष्ट्र में मुस्लिम आरक्षण पर कहा- सरकार से बात करेंगे: राज्य में मुस्लिम आरक्षण पर अजित पवार ने कहा कि पहले जब आरक्षण दिया गया था तो कोर्ट ने एजुकेशन में रिजर्वेशन की परमिशन दी थी।

## पबजी की लत छुड़ाने बेटे को राइफल दी, गोल्ड जीता

### एशियन गेम्स में जयपुर के शूटर दिव्यांश ने टीम इवेंट में भारत को सफलता दिलाई

**जयपुर**

**एशियन** गेम्स 2023 में भारत ने अपना पहला गोल्ड मेडल शूटिंग में जीता। चीन के हांगझोउ में शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में दिव्यांश सिंह पंवार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह और रुद्रांक्ष पाटिल ने 1893.7 स्कोर कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। गोल्ड मेडल जीतने वाली शूटर्स की इस टीम के सदस्य दिव्यांश जयपुर के रहने वाले हैं। दिव्यांश के पिता अशोक पंवार जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में वरिष्ठ नर्सिंग स्टाफ में काम करते हैं। मां निर्मला देवी भी नर्स हैं। दिव्यांश के पिता ने बताया- कुछ साल पहले दिव्यांश को ऑनलाइन गेम पबजी खेलने की लत लग गई थी। इस लत को छुड़ाने के लिए दिव्यांश को भी बड़ी बहन मानवी के साथ जगतपुरा शूटिंग रेंज पर भेजना शुरू किया। फिर उसे राइफल दिलाई।




दिव्यांश बोले- राष्ट्रगान बजते वक्त जो एहसास हुआ, वो बताया नहीं सकता: गोल्ड मेडल जीतने के बाद दिव्यांश ने बताया- जैसे ही हमें पता चला कि हमने भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता है, खुशी का ठिकाना नहीं था। राष्ट्रगान बजते वक्त जो एहसास हुआ, वो बताया नहीं जा सकता। कल हम मिक्स-मैच खेलेंगे। हम भारत के लिए एक और पदक लाने की कोशिश करेंगे। दिव्यांश की ट्रेनिंग जयपुर में ही हुई। इसके बाद दिव्यांश को दिल्ली के कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में कोच दीपक कुमार दुबे के पास ट्रेनिंग के लिए भेज दिया था।


दिव्यांश जूनियर वर्ल्ड शूटिंग चैम्पियनशिप और जूनियर वर्ल्ड कप में भी दो गोल्ड सहित तीन मेडल जीत चुके हैं। उन्होंने 2018 में जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप में मिक्स्ड इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। जबकि वर्ल्ड कप में दो गोल्ड मेडल जीते।

## 24 में था सामान; जेवरात निकाल खाली पर्स-डिब्बे छोड़ गए; डीएसपी बोले- 3 टीमें गठित कीं

# अंबाला को-ऑपरेटिव बैंक के 32 लॉकर टूटे

**अंबाला**

**अंबाला** में बलदेव नगर स्थित दी अंबाला केंद्रीय सहकारी बैंक (को-ऑपरेटिव बैंक) को चोरों ने निशाना बनाया। चोर बैंक के लॉकरों को तोड़कर वहां रखे कस्टमरों के जेवर समेत अन्य सामान ले उड़े। घटना का उस समय पता चला जब सोमवार सुबह कर्मचारी बैंक पहुंचे। शनिवार-रविवार को छुट्टी होने के कारण 2 दिन बैंक बंद था। अभी नुकसान का अंदाजा नहीं लगाया जा सका है। शातिर चोर पीछे से बैंक की दीवार में छेद कर घुसे थे। उसके बाद स्ट्रॉन्ग रूम की दीवार तोड़कर अंदर घुसे। यहां 32 लॉकर तोड़े इनमें से 24 में गहने समेत अन्य कीमती सामान था। जेवरात और अन्य सामान निकालने के बाद खाली पर्स और डिब्बे वहीं छोड़ गए। सबूत मिटाने के लिए वह अपने साथ सीसीटीवी का डीवीआर भी ले गए।



जानकारी के मुताबिक, बैंक के 1 से 13 नंबर तक, 34, 35 व 36, 51 व 66 और 76 से 90 नंबर तक लॉकर टूटे हैं। कुल 32 में से 24 लॉकरों में सामान था। इनमें से लॉकर नंबर 71 से 76, 83, 84, 86, 88, 89, 90 खाली थे। पुलिस अधिकारी बैंक में जांच कर रहे है। वहीं सूचना पर कस्टमर भी बैंक पहुंचे है। पुलिस ने बैंक का गेट बंद किया हुआ है। लोग बाहर ही खड़े होकर इंतजार कर रहे हैं।

चोरों को पकड़ने के लिए 3 टीमें गठित: हेड क्वार्टर रमेश कुमार ने बताया कि चोर हैमर और कटर से दीवार तोड़कर बैंक में घुसे थे। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## इनेलो की रैली में पहुंचे दिग्गज

### विपक्षी दलों से एक जुट होने की अपील की; ओपी चौटाला बोले- अभय के हाथ मजबूत करो, गलती करेगा तो कान खीचूंगा

**कैथल**

**हरियाणा** के कैथल में नई अनाज मंडी में इनेलो पूर्व डिप्टी पीएम ताऊ देवी लाल की 110वीं जयंती पर विपक्षी नेता एक मंच पर दिखाई दिए। विपक्ष के नेताओं ने अपील की कि बीजेपी को हराने के लिए एक मंच पर आना जरूरी है। टीएमसी के नेताओं ने केंद्र के महिला आरक्षण बिल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जुमला बताया। फारूख अब्दुल्ला ने विपक्ष के नेताओं को एक मंच पर आने की अपील की।

जदयू की तरफ से केसी त्यागी ने रैली में भाग लिया।

नीतीश-खड़गे नहीं पहुंचे: वहीं राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दूरी बना ली है। वह अब हरियाणा के बजाय बिहार में होने वाले पंडित दीन दयाल उपाध्याय के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ही शामिल होंगे। जबकि इनेलो की और से उन्हें समारोह का मुख्य अतिथि बनाया गया था। वहीं पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक भी रैली में नहीं पहुंचे।

बताया जा रहा है कि वह बुखार से पीड़ित हैं। हालांकि उन्होंने अपनी शुभकामनाएं अभय चौटाला को भेजीं। रैली में पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने किसानों के बहाने केंद्र सरकार के तीनों कृषि बिलों को लेकर अपरोक्ष रूप से हमला किया।

# युवक की पिटाई से आक्रोशित ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगाया जाम

**लगभग 5 घंटे के जाम में पुलिस अधिकारियों के फूले हाथ पांव, भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने लगाए सरकार विरोधी व पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे, पुलिस ने एक दर्जन से ज्यादा भीम आर्मी के कार्यकताओं को पड़कर थाने में बैठाया**





अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** दाउदपुर नेवादा गांव की एक युवती बीते 10 सितंबर को घर से गांव के बगल ब्लाउज सिलाने के लिए निकली थी वापस घर नहीं आई तो परिजन परेशान हो गए। लेकिन कहीं भी पता नहीं चला तो 19 सितंबर को युवती के पिता रमाशंकर त्रिपाठी पुत्र रमाकांत ने सोरांव थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करवा दी थी। जिसको लेकर पुलिस खोजबीन कर रही है। इसी को लेकर विवेचक ने बीते शनिवार को गांव के ही एक संदिग्ध युवक धर्मेंद्र कुमार को थाने बुलाया गया। युवक को शाम तक बैठने के बाद विवेचन सुनील कुमार द्वारा पूछताछ करने के बाद शाम लगभग 8 बजे युवक को घर ले जाने के लिए कहा गया। तथा युवक के घर से आए हुए परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। इसको लेकर धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस पर मारने पीटने व प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। जिसको लेकर रविवार को सुबह लगभग 10 बजे धर्मेंद्र का भाई सुजीत कुमार विवेचक के कहने के अनुसार थाने पर लाया। जैसे युवक थाने के अंदर गया आरोप है कि धर्मेंद्र कुमार बेहोश हो गया। और पुलिस वालों ने उसको तुरंत सोरांव सीएचसी ले गए लेकिन डॉक्टर के अनुपस्थिति के कारण युवक का इलाज नहीं हो पाया तो पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कर दिए। जहां पर इलाज चल रहा है। जिसको लेकर इलाज में सुधार नहीं हुआ और सोमवार की सुबह सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण सोराव थाने पर आए और पीड़ित का डॉक्टरी मुआइना करवाने तथा आरोपी के खिलाफ मुकदमा लिखने पर अड़े रहे।

जब पुलिस ने उनकी बातों को ध्यान नहीं दिया तो भीम आर्मी के कार्यकताओं के सहयोग से ग्रामीणों ने प्रयागराज प्रतापगढ़ नेशनल हाईवे को लगभग 12 बजे दोपहर से शाम 5 बजे तक जाम कर दिया। जिससे लगभग 4 से 5 किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। इस घटना से पुलिस के हाथ पांव फूलने लगे। वही सहायक पुलिस आयुक्त शैलेंद्र सिंह ने धरना दे रहे लोगों को समझाने की कोशिश किया लेकिन धरना देने वाले उनकी एक भी नहीं सुने। हालांकि पीड़ित परिवार के लोगों ने आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा लिखवाने और स्वरूपरानी हॉस्पिटल में भर्ती करवाने की मांग करते रहे। तो अंत में पुलिस ने डाक्टरी मुआइना के लिए सीएचसी सोरांव ले गए जहां पर डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिए। लेकिन सोरांव पुलिस कर्मियों ने पुनः ले जाकर के उसी प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करने से पीड़ित के परिजनों ने गुस्सा जाहिर किया जिसको लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग लगभग 5 घंटे के लिए बाधित रहा। अंत में अधिवक्ताओं के आगे आने पर और पुलिस के सहयोग से जाम को जबरदस्ती खुलवाया गया। तथा शाम तक आरोपी उपनिरीक्षक सुनील कुमार तथा कांस्टेबल विपिन के खिलाफ पीड़ित के पिता चंद्रपाल के तहरीर पर सहायक पुलिस आयुक्त शैलेंद्र सिंह के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया। इस मामले में सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव शैलेंद्र सिंह से सीयूजी नंबर पर कई बार संपर्क करना चाहा लेकिन फोन नही उठा।

## एसपीओ टीम की एक आवश्यक बैठक बुलाई गई

**नैनी।** नैनी में रविवार को आगामी 28 तारीख को रबी उल अव्वल की जुलूस निकालने की तैयारी जोरों पर है तथा जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से निकालने तथा शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपीओ टीम की तरफ से एक बैठक बुलाई गई। बैठक में एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह ने सभी सदस्यों को यह निर्देश दिया कि जुलूस में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं ट्रैफिक नियम का पालन कराने में पुलिस प्रशासन एवं नागरिकों को सभी सदस्य मिलकर सहयोग करें। वहीं उप प्रभारी परवेज अहमद ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सभी को संबोधित किया। इस दौरान विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम प्रभारी अभयराज सिंह,उप प्रभारी परवेज अहमद,संगठन सचिव रविंद्र सिंह,जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा, समीर खान, सुशील कुमार शर्मा, पंकज मलिक, तौसीफ खान, दिनेश कुमार सोनकर, मयंक कुमार, आशीष कुमार रावत, फिरोज, प्रदीप कुमार, केके शुक्ला, दिनेश केसरवानी, संजू वर्मा, सुरेंद्र कुमार,अरविंद कुमार, वजी अहमद, आदि पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की हुई काउंसलिंग

**धनूपुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र धनूपुर में समग्र शिक्षा के अंतर्गत 50 अभिभावकों व 15 दिव्यांग बच्चों की काउंसलिंग की गई ।कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी धनूपुर डॉ प्रभा शंकर पांडेय की अध्यक्षता में आहूत की गई कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने हेतु उनके माता-पिता की काउंसलिंग की गई ।कार्यक्रम में बोलते हुए डॉक्टर पांडेय ने कहा कि शासन द्वारा प्रदत्त समस्त योजनाओं का समुचित लाभ दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता है तथा भेदभाव पूर्वक दिव्यांग बच्चों को शिक्षा दिलाकर उनको शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ना हैं। कार्यक्रम में स्पेशल एजुकेटर दिव्यांग बच्चा लाल एवं करुणा राय के साथ-साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मवेशी की हुई मौत पर गौ रक्षा समिति हिंदू महासंघ ने लिया संज्ञान

**सोरांव।** सोमवार को प्रयागराज के विश्व हिंदू महासभा गौ रक्षा समिति गंगापार के मीडिया प्रभारी राजेश कुमार ने देखा कि शिवगढ़ चौराहे के पास न्यू लाइफ केयर हॉस्पिटल समीप एक मवेशी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। सूचना पर सनी विश्वकर्मा गंगापार अध्यक्ष ने संभाग प्रभारी प्रयागराज को अवगत कराया तो तत्काल नगर निगम की सहायता से गौ माता का अंतिम संस्कार कराया। जिसमे मुख्य रूप से गंगापार अध्यक्ष सनी विश्वकर्मा विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति, संभाग प्रभारी प्रयागराज आशुतोष त्रिपाठी विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति, डॉक्टर विजय अमृत राय का योगदान रहा ।

## क्षत्रिय कल्याण समिति यमुनापार की बैठक संपन्न

**नैनी।** कनैनी आगामी विजयादशमी के पावन पर्व पर आयोजित होने वाले क्षत्रिय समाज का शस्त्र पूजन कार्यक्रम के संबंध में क्षत्रिय कल्याण समिति की बैठक अवंतिका कॉलोनी नैनी में समिति के अध्यक्ष डीके सिंह के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में अपनी माटी, परिपाटी, संस्कृति , संस्कार एवं परम्परा को अक्षुण्य बनाए रखने के साथ ही राष्ट्रीय आध्यात्मिक चेतना जागृति हेतु सतत प्रयत्नशील रहने का संकल्प लिया गया। इसी भावना के तहत मंडल स्तरीय बैठक आयोजित करने का भी निर्णय हुआ। बैठक में डीके सिंह, धनंजय सिंह, गजेन्द्र प्रताप सिंह, रामेश्वर प्रताप सिंह, तेज प्रताप सिंह , दुर्गा प्रसाद सिंह, रवि कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, दीपक सिंह, पी पी सिह, राजेश कुमार , दिलीप , सुभाष सिंह, जितेन्द्र प्रताप सिंह, राहुल सिंह एवं पंकज सिंह आदि शामिल रहे।

## पंचायत भवन में खिड़की तोड़कर लाखों के सामान की चोरी

**जसरा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात चोरों ने पंचायत भवन की खिड़की तोड़कर लाखों रूपए का सामान उठा ले गये। सोमवार को ग्राम पंचायत अधिकारी बुदांवा ने देखा तो तत्काल इसकी सूचना घूरपुर पुलिस को दिया। ग्राम पंचायत बुदांवा के पंचायत भवन में रविवार की रात चोरों ने प्राथमिक विद्यालय की तरफ से पीछे की खिड़की तोड़कर चोर अंदर घुस गये। वहां पर रखा कम्प्यूटर सेट,बैटरी, इन्वर्टर के साथ ई रिक्शा की बैटरी चोर चुरा ले गए। ग्राम पंचायत अधिकारी बुदांवा श्यामलाल तिवारी ने बताया कि चोरों ने पंचायत भवन में लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़कर डीवीआर भी उठा ले गए। सचिव ने चोरी गये कुल सामानों की कीमत डेढ़ लाख रुपए बताया है। पुलिस घटना को लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

## पखवारे भर पहले जला ट्रांसफार्मर, लोग अंधेरे में रहने को मजबूर

**करछना।** क्षेत्र में कटका बैरियर के समीप लगे 25केवीए के ट्रांसफार्मर के जल जाने से लगभग 20 दिन से स्थानीय लोग और बाजार वासी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। लोगों ने कई बार शिकायत की किंतु अभी तक ट्रांसफार्मर न बदले जाने से भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बीते 15 अगस्त को यहां लगा ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद 23 अगस्त को ट्रांसफार्मर बदला गया किंतु वह भी 27 अगस्त को जल गया। तब से आज तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। कटका बैरियर बाजार में कुछ दिनों पूर्व चोरों ने एक साथ कई दुकानें खंगाल दी थी जिसे लेकर बाजार वासियों में भी चोरी भय रहता है। स्थानीय लोगों ने अति शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलवाने की गुहार लगाई है।

# मीनू के अनुसार भोजन न बनने पर बिफरे ग्राम प्रधान, बच्चों ने बताया नहीं मिलता है फल

अखंड भारत संदेश

**कंपोजिट विद्यालय मझिगवां में पानी युक्त आलू की सब्जी देख भड़के प्रधान**





**कोरांव।** विकासखंड कोरांव के परिषदीय विद्यालयों में भोजन के मीनू में भी मनमानी का आलम चल रहा है। अक्सर विद्यालयों में मीनू व शासनादेश को ताक पर रख भोजन बनवाया जा रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण सोमवार को कंपोजिट विद्यालय मझिगंवा में देखने को मिला। ग्राम प्रधान पारसनाथ जायसवाल सुबह लगभग 11:30 बजे अचानक विद्यालय में पहुंच गए और भोजन कर रहे बच्चों की थाली देखा तो भड़क गए। बच्चों की थाली में आलू व पानी युक्त सब्जी व रोटी देख वे आग बबूला हो गए। अध्यापकों और रसोइयों पर जमकर अपनी भड़ास निकाली। ग्राम प्रधान का कहना था कि भोजन सामग्री व सब्जी मैं खुद दे रहा हूं तो आप लोगों को अच्छा बना कर बच्चों को खिलाना चाहिए। ग्राम प्रधान ने शिक्षकों से सवाल किया क्या यह भोजन आप लोग करेंगे शिक्षकों की मनमानी को लेकर ग्राम प्रधान ने उच्च स्तरीय शिकायत करने की बात कही है कहा कि जो कम पड़े जो घाटे उसको आप लोग बताएं मैं खुद दे रहा हूं इसके बावजूद आप लोग बच्चों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं शासन की मंशा है कि उन्हें अच्छा पौष्टिक भोजन मिले लेकिन शिक्षकों का विभागीय लापरवाही को लेकर सरकारी शासनादेश का भी उल्लंघन किया जा रहा है। ग्राम प्रधान ने प्रधानाध्यापक राजेश पांडेय समेत अन्य शिक्षकों से मीनू के अनुसार भोजन न बनने का कारण पूछा तो कोई भी शिक्षक कुछ जवाब नहीं दे सके। हालांकि शिक्षकों ने कहा कि आगे से ध्यान रखा जाएगा और बच्चों को मीनू के अनुसार ही भोजन परोसा जाएगा। ग्राम प्रधान पारसनाथ जायसवाल के निरीक्षण के दौरान छात्रों ने खुद बताया कि कभी भी मीनू के अनुसार भोजन नहीं मिलता है। मनमाने तरीके से शिक्षक पान खाकर क्लासरूम में पढ़ाते हैं। रसोईयां भी पान खाकर भोजन बनाती हैं। छात्र लाल बाबू व प्रभु पांडेय ने बताया कि फल तो कभी मिलता ही नहीं है। इस तरह की मनमानी परिषदीय विद्यालयों में चल रही है। शिक्षा विभाग के अफसर हैं कि चिराग तले अंधेरा ऑफिस आए और चले गए उनसे विद्यालयों में पठन-पाठन व खानपान की क्या व्यवस्थाएं हैं इससे कोई लेना-देना नहीं है, हां इतना जरूर है किस विद्यालय का शिक्षक नहीं आता है किसकी माहवारी नहीं मिली इसी आपाधापी में ऑफिस में ही समय बिताकर घर लौट जाते हैं। इस संदर्भ में खंड शिक्षाधिकारी मोहम्मद रिजवान से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इसके पहले भी इस प्रकार की इस विद्यालय की शिकायतें मिल चुकी हैं। शिक्षकों को नोटिस दी गई है। बार-बार शिकायत आ रही है निश्चित इसकी जांच कर मनमाने शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी।

# व्यक्ति और समाज दोनों एक दूसरे से अलग नही : योगेश शुक्ल

अखंड भारत संदेश

**कंचनवा गांव के रामनेवाज पुरवा में आयोजित हुई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108 वीं जयंती**



**मेजा।** भारतीय जीवन दर्शन मे हर व्यक्ति के लिए धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष चारो पुरुषार्थ समान महत्व के हैं। समाज में हर व्यक्ति इन चारो पुरुषार्थों को सहजता से सिद्ध कर सके इसके लिए जिस प्रकार के आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्था की आवश्यकता होती हैं उसी व्यवस्था के निर्माण के लिए स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानव दर्शन का सिद्धांत दिया था। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने कंचनवा ग्राम पंचायत के रामनेवाज का पूरा मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 108 वें जन्मदिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहीं। गोष्ठी में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए उन्होंने ने कहा कि पंडित दीनदयाल का कहना था कि मनुष्य केवल शरीर नहीं है शरीर के अंदर मन बुद्धि और आत्मा भी स्थित है। इस लिए कोई भी राजनैतिक दर्शन जब तक केवल शरीर की आवश्यकताओं के साथ साथ मन बुद्धि और आत्मा की आवश्यकताओं का विचार नहीं करेगी वह पूर्ण नही मानी जायेगी। इतना ही नहीं श्री शुक्ल ने यह भी कहा कि व्यक्ति और समाज दोनों एक दूसरे से अलग नही है। भारतीय जीवन दर्शन मे हर व्यक्ति के लिए चारो पुरुषार्थ समान महत्व के हैं। इन चारो पुरुषार्थों को सिद्ध करने के लिए आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्था की आवश्यकता होती हैं । उसी व्यवस्था के निर्माण के लिए स्वर्गीय उपाध्याय ने एकात्म मानव दर्शन का सिद्धांत दिया था। इस मौके पर श्री शुक्ल के मीडिया प्रभारी विनय शुक्ला,हर शरण सिंह, कुलदीप पांडेय, कृष्णा कान्त पांडेय, संतोष पाण्डेय, पवन कुमार मिश्र, विभव नाथ पांडेय, राम बाबू आदिवासी, सुरेंद्र सिंह, देवराज सिंह, प्रदीप शुक्ला, दया राम वर्मा तथा राजेंद्र शुक्ल सहित कई अन्य सैकड़ो लोग गोष्ठी में प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र पंचायत सदस्य मनीष पांडेय और कुलदीप पांडेय ने किया।

## दो बाइक में हुई टक्कर एक गंभीर रूप से घायल

**मऊआइमा।** मऊआइमा में दो बाइकों की टक्कर में एक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि दूसरा बाइक सवार भागने में सफल रहा।घायल के भाई ने थाने में तहरीर दे कर अज्ञात बाइकचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के सराय लालू गांव निवासी महेश चंद्र पुत्र पृथवी पाल विश्वकर्मा का आरोप है कि उन का भाई नन्द लाल 50 वर्ष पुत्र पृथवी पाल विश्वकर्मा घर से बाइक ले कर किसी जरूरी काम से ब्लाक बाजार आये थे ।वापस लौटते समय जैसे वह अमान गंज के पास पहुचे सामने से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी जिस से वह गंभीर रूप से घायल हो कर जमीन पर गिर पड़े राहगीरों की मदद से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया ।उधर बाइक चालक बाइक ले कर भागने में सफल रहा। घायल नंद लाल के भाई महेश चंद्र ने थाने में तहरीर दे कर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# दो दिवसीय बोलन धाम का ऐतिहासिक मेला शांतिपूर्ण संपन्न

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** बाबा बोलन नाथ धाम का दो दिवसीय ऐतिहासिक मेला खट्टी मीठी यादों के साथ शांतिपूर्ण ढंग से उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। मेले के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। गौरतलब है कि तहसील मुख्यालय मेजा स्थित पहाड़ी के किनारे बसा बाबा बोलन नाथ धाम का दो दिवसीय ऐतिहासिक मेला भादों मास के शुक्ल पक्ष में हरतालिका तीज के बाद पड़ने वाले महा रविवार को होता चला आ रहा है। बाबा बोलन नाथ धाम के संबंध में किंबदंती है कि अज्ञातवास के समय पांडव जब लाक्षागृह से सुरक्षित निकले तो इसी रास्ते से आए थे। जहां भीम का हिडिंब नामक राक्षस से युद्ध हुआ था औरउसकी बहन हिडिंबा से भीम ने शादी कर ली। एक साल तक यहीं बिताया था। बताते हैं कि भीम ने भाइयों से आगे चलने को कहा और स्वयं राक्षस को मारने चले गए। बताते हैं कि पांडव इसी स्थान पर एक माह तक बैठे रहे, जब एक माह तक भीम नहीं लौटे तो पांडवों ने भीम की मौत हो गई ऐसा मानकर यहीं पर तर्पण किया था। पानी की व्यवस्था न होने के कारण अर्जुन ने बाण मारकर पाताल से पानी निकाला था, जिसे आज बाण गंगा के नाम से जाना जाता है और बारहों महीने पानी बहता रहता है। मान्यता है कि बाणगंगा से जल लेकर बाबा को जलाभिषेक करने से मनुष्य के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और मुरादे पूरी होती हैं। बुजुर्गों का मानना है कि पूर्व में यहां की मूर्तियां बोलती थी जिससे बोलन नाम पड़ा। यहां के ऐतिहासिक मेले के बारे में लोग बताते हैं कि पहले कभी बड़े क्षेत्र में मेला लगता था चारों तरफ खेत खाली रहने से यहां दंगल, मुर्गे की लड़ाई, तीतर की लड़ाई, बिरहा, नजरबंद के अनगिनत खेल, कई प्रकार के झूले, सर्कस और प्रदर्शनियां लगाई जाती थी लेकिन समय के बदलते दौर में मेला सिकुड़ता गया और भीड़ बढ़ती गई। मेले के महत्व को बढ़ाने और महिलाओं की सुविधा के लिए दो दशक पूर्व 2003 में तत्कालीन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष योगेश जायसवाल व तत्कालीन प्रधान कमलाशंकर विश्वकर्मा ने कमेटी व ग्रामीणों के सहयोग से 2 दिन का मेला कराने का निर्णय लिया और सफलता भी मिली। आज दोनों दिन मेले में भारी भीड़ रही। मेले में दूर दराज से आए दुकानदार उसका लाभ उठा रहे हैं। मेले के पहले दिन दोपहर हल्की बारिश होने के कारण मौसम खुशनुमा होने की वजह से देर शाम तक मेलाचलता रहा। इसी क्रम में दूसरे दिन भी मौसम खुला रहा और श्रद्धालुओं ने मेले का लुत्फ उठाया। एक ओर जहां दो दिनी मेला में श्रद्धालुओं ने मेले में आए हुए मनोरंजन हेतु वाटर बोट, चकरी झूला,मिक्की माउस,छोटी कार झूला,हवाई झूला,मैजिक डांस,हवाई झूला, ब्रेक डांस, सुपर बोट झूला और रंगारंग कार्यक्रम जैसे कार्यक्रमों का आनंद उठाया। मेले में विगत 25 वर्षों से दुकान लेकर आने वालों में कर्मा से विसाती और लोहा की दुकान लगाने वालों में बादशाह, सैफ, शेर अली और मकबूल ने बताया कि इस वर्ष का मेला अच्छा रहा। जलेबी व चाय की दुकान 40 वर्षों से लगाने वाले ऊंचडीह बस स्टॉप निवासी मोहित केशरी, रविशंकर, मनोज, विकास और सूरज ने बताया कि इस वर्ष मेला की व्यवस्था अच्छी रही। गोदना लगाने वाले प्रयागराज निवासी यासीन और अशोक कुमार ने बताया कि वह विगत 20 से 25 वर्षों से मेले में अपनी दुकान लगा रहे हैं। बेहद अच्छा रहा। लोटाढ़ निवासी सूरज केशरी, राकेश केशरी मेजा खास निवासी कृपाशंकर, ओमप्रकाश मोदनवाल, मिथुन, जगदीश, विजय केशरी कई वर्षों से मंदिर के पास प्रसाद की दुकान लगाते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का मेला विगत कई वर्षों की अपेक्षा एतिहासिक रहा। औराई गोपीगंज के झूला कंपनी के मालिक गंगाधर सागर और राजकुमार मिश्र ने बिना विवाद के मेला संपन्न कराने के लिए आयोजकों की सराहना की। दो दिवसीय मेले में सुरक्षा कर्मियों की बदौलत चोर, उचक्कों,जेबकतरों का दूर दूर तक नाता नहीं रहा। वहीं शिव भक्तों ने दोनों दिन बाबा के पास स्थित पवित्र सरोवर में स्नान कर बाबा को जलाभिषेक कर दर्शन पूजन किया। मंदिर के पुजारी बाबा राम दास ने बताया कि दो दिन का मेला शांतिपूर्ण सफल रहा। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार यादव और मेला प्रभारी अंकित साहू ने दो दिनी मेला को संपन्न कराने में कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों और वालंटियर, डीसीपी के सदस्य, स्थानीय पुलिस के सहयोग की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। बोलन मेला को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में जहां कमेटी के वालंटियर, डी सी पी सी के सदस्यों का पूरा सहयोग रहा। वहीं मेजा कोतवाल राजेश उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में मेला प्रभारी उपनिरीक्षक उमेश चंद्र पटेल, परलोक चौधरी,प्रभु नारायण यादव,सत्यपाल यादव, सुभाष यादव, सहायक कमांडर होमगार्ड रामजी की टीम ने भी मेला को संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर रामलीला कमेटी के संरक्षक लालजी मिश्र,प्रधान प्रतिनिधि जंगीलाल गुप्ता, उपाध्यक्ष राहुल मिश्र, डायरेक्टर तौलन प्रसाद, मंत्री चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सुधीर मोदनवाल, संजीव पटेल,आशीष दुबे, राधेश्याम चौरसिया, पंकज मोदनवाल, मनीष श्रीवास्तव, बंटी पाल आदि लोगों के सहयोग के लिए सराहना की है।

# न्यूज झरोखा

## पंड़ित दिन दयाल उपाध्याय की जयंती पर किया गया सम्मान सभा का आयोजन

**प्रयागराज।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती का कार्यक्रम मीरापुर मंडल सेक्टर प्रथम में बूथ संख्या 57 पर सेक्टर संयोजक अरुण निषाद के नेतृत्व में महानगर उपाध्यक्ष ब्रिजेश मिश्रा की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। पंडित जी के चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्र के लिए उनके योगदान को याद किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वार्ड अध्यक्ष सुभाष तिवारी , मंडल उपाध्यक्ष संजय कुशवाहा, मंडल मंत्री अनिल पांडेय, दीप द्विवेदी, सुरेंद्र केसरवानी, आशीष , विश्राम साहू , नीरज मौर्या , महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा कनौजिया , उपाध्यक्ष मोनिका अरोड़ा, मधुमिता नाथ , कंचन मौर्या, पुष्पा विश्वकर्मा, शुभेंद्र पांडेय समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मानववाद के प्रणेता थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय : इंद्र देव शुक्ल

**मेजा।** भाजपा के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती सोमवार को मेजारोड स्थित डीजीएस गेस्ट हाउस में मनाई गई। भाजपाइयों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनको श्रद्धासुमन अर्पित किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। भाजपा नेता इन्द्रदेव शुक्ला उर्फ राजू शुक्ला ने कहा कि पंडित दीन दयाल का अंत्योदय मंत्र भाजपा सरकार आत्मसात कर रही है। समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता जयशंकर पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान केंद्र व प्रदेश सरकार एकात्मक मानववाद के सिद्धांत पर चल रही है। हम सब को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इस मौके पर रुपनारायण मिश्रा, राकेश तिवारी, अमरेश तिवारी, अभिषेक पाण्डेय, वरुण मिश्रा, ओ पी मिश्रा, विनोद पाण्डेय, मुकेश मिश्र, रमाशंकर निषाद, मुन्ना लाल पाल, सुशील जैसल सहित कई भाजपाई मौजूद रहे।

## छिवकी गांव मे श्री गणेश जी का भजन पर बच्चों ने किया नृत्य

**नैनी।** नैनी छिवकी गांव मे चल रहे सार्वजनिक श्री गणेश पूजन महोत्सव का तीसरा दिन सोमवार शाम को पूजा पाठ के बाद आरती की। श्री गणेश पूजन महोत्सव मे नन्हें-मुन्नें बच्चो द्वारा धूमधाम से नृत्य किया। वही बच्चों ने श्री गणेश जी का मखोटे पहनकर मंत्रो का उच्चारण कर रहे थे और कुछ बच्चे श्री गणेश जी का भजन पर नृत्य कर रहे रहे थे। वही कमेटी के अध्यक्ष अधिवक्ता सुधाकर द्विवेदी ने कहा कि श्री गणेश पूजा भारत मे बड़े श्रद्धा भाव से धूमधाम के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम मे सभी भक्त व आये हुये बच्चे खड़े होकर गणेश जी बप्पा मोरिया नारे लगाये। इस मौके पर महेन्द्र पटेल, गोपाल, आदित्य निषाद, शनि, अभिषेक साहू, श्री निवास द्विवेदी, गंगा गुप्ता, श्रीराम सिंह, विनय मिश्रा, पंकज राय, विनय द्विवेदी, निखिल गुप्ता, पवन पांडेय, शिवम गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**प्रतापपुर।** 25 सितंबर को प्रखर राष्ट्रवादी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 107 वीं जयंती के पावन पर्व पर जिला महामंत्री हरिभूषण सिंह के नेतृत्व में शक्ति केंद्र प्रतापपुर के अतरसुईया बूथ पर प्रखर विचारक उत्कृष्ट संगठन कर्ता, राजनीति के पुरोधा, महामानव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई ' उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाकार्य समिति सदस्य सभाजीत मिश्र, मंडल प्रभारी मनोज सिंह आचार्य, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ,शक्ति केंद्र प्रभारी राजकुमार केसरवानी, शक्ति केन्द्र संयोजक सतीश चंद्र मिश्र, सोशल मीडिया संयोजक लक्ष्मीकांत द्विवेदी, पिंटू गुप्ता, बाल केश्वर द्विवेदी, अजय पांडेय, राम बहादुर सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनाई गई जयंती

**सहसों।** छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की ओर से एक बैठक आयोजित कर भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं अंत्योदय प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती उनके छाया चित्र पर श्रद्धा सुमन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर जन्म दिवस पर उन्हें शत शत नमन किया गया। बैठक को भाजपा जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने संगठन की रीति नीति पर विस्तार से चर्चा करते हुए किसान मोर्चा के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा लक्ष्मीकांत ने अपने विचार रखते हुए आगामी कार्य योजना व 28 सितंबर को नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष गंगापार कविता पटेल का स्वागत अभिनंदन तथा किसान मोर्चा के जिला कार्यसमिति की बैठक पर विस्तृत रूप से चर्चा किया। बैठक की अध्यक्षता काशीराम दूबे एवं संचालन महामंत्री प्रभाकर द्विवेदी ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से भूपेंद्र मिश्र जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, श्रीराम दूबे, राजेंद्र शुक्ला, धरणीधर, रुद्र प्रताप, गुड़िया सिंह, मनोज तिवारी एवं सूरज सहित आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जयंती पर याद किए गए पंडित दिन दयाल उपाध्याय

**मेजा।** भाजपा के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती सोमवार को मनाई गई। भाजपाइयों ने जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया ।इसी क्रम में मेजा ब्लॉक में प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने कहा कि पंडित दीन दयाल का अंत्योदय मंत्र भाजपा सरकार आत्मसात कर रही है। समाज के संबसे अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। श्री मिश्र के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं के साथ उनके समर्थक प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर भाजपा मंडल मंत्री मेजा संजय तिवारी,अतुल द्विवेदी ,मयंक शुक्ल प्रवीण बिंद, पंकज राव (प्रधान) आशुतोष मिश्र,राहुल मिश्र,आशीष द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

**करछना।** कौंधियारा:श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज के छात्र विशाल भारतीया का जूनियर वर्ग में और अमन सिंह का सीनियर वर्ग की मण्डल स्तर की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में विजय हासिल करके 03 अक्टूबर को बिजनौर में होने वाली प्रदेश स्तरीय भारत्तोलन प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है ।विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय ने दोनों ही छात्रों के सफलता पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त कार्यक्रम में रामसुंदर शास्त्री,अखिलेश शुक्ला,गणेश शंकर, राजेन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित रहें।

## विद्युत समस्या दूर करने तथा सूखा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग

**कोरांव।** किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर एसडीएम कोरांव अविनाश यादव को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के ब्लॉक अध्यक्ष रामराज सिंह की अगवाई में कार्यकताओं ने एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में कोरांव क्षेत्र के अंतर्गत पावर हाउस देवघाट में लो वोल्टेज व विद्युत कटौती के कारण बड़ोखर फीडर पर अत्यधिक समस्या आ रही है जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त है जिसे अविलंब ठीक कराए जाने, टुड़ीयार लिफ्ट कैनाल पर मेन पाइप में पानी की सप्लाई चल रही है। जबकि गूल में सप्लाई बंद है। जिस कारण किसानों की फसले सूख रही है जिसे ठीक कराए जाने, कोरांव क्षेत्र के अंतर्गत कई गांवो में पशु गौशाला न होने के कारण बेसहारा पशुओं से किसानों की फसले बर्बाद हो रही है जिसे रोकने हेतु प्रत्येक गांवो में पशु गौशाला का निर्माण कराया जाने, बड़ोखर क्षेत्र में सरकारी सब्जी मंडी न होने के कारण किसानों को बिचौलियों एवं दलालों के हाथ औने पौने दामों पर सब्जी बेचना पड़ता है। सब्जी मंडी की स्थापना कराए जाने, कोरांव तहसील अंतर्गत उपरौध क्षेत्र के हाटा, मझिंगवा क्षेत्र के गांवो में कम बारिश होने के कारण धान की रोपाई नहीं हो पाई है। सर्वे कराकर सूखा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने के बाद किसानों ने प्रशासन को चेताया है कि अगर शीघ्र समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो उपरोक्त सभी समस्याओं को लेकर 29 सितंबर को देवघाट विद्युत सब स्टेशन पर धरना प्रदर्शन आमरण अनशन किया जाएगा। ज्ञापन देने के दौरान प्रमुख रूप से धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अशर्फी लाल सिंह, हजारीलाल सिंह, लाल बहादुर, कमला शंकर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**सहसों।** ग्रामीणों, युवाओं, विद्यार्थियों तथा भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को बहुत ध्यान से सुना। मन की बात को भाजपा सहसों मंडल के वारी गांव में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गंगापार एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में पीएम मोदी की 105 वां एपिसोड को बहुत ही ध्यान से सुना गया। इस मौके पर शक्ति केन्द्र संयोजक राजेश कुमार सरोज, बूथ अध्यक्ष नंद लाल, बृजेश कुमार, जितेंद्र सिंह, अमन सिंह राजपूत, मंगल सिंह , राज नारायण बिंद एवं आदि लोग मौजूद रहे। इसी तरह सहसों बाजार में मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज एवं भाजपा नेता राजधर द्विवेदी की मौजूदगी में व्यापारियों एवं किसानों ने मन की बात को बहुत से उत्साह के साथ सुना। इस अवसर पर शिव बाबू केसरवानी, सत्यम त्रिपाठी, रामबाबू मोदनवाल, सक्षम गुप्ता एवं छोटू सहित आदि लोग प्रमुख रूप से रहे। इसी प्रकार ग्राम सभा देवनहरी बूथ संख्या 117 पर मन की बात को मंडल के महामंत्री पवन कुमार शुक्ला के आवास पर कार्यकताओं एवं ग्रामीणों के साथ सुना गया। 105 वें संस्करण में नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज देश चंद्र यान 03 और जी 20 की सफलता का देश उत्सव मना रहा है। आदि विषयों पर पीएम ने मन की बात में विचार रखे। मुख्य रूप से राजाराम शुक्ला, भगवान प्रसाद शुक्ला, रामनारायण शुक्ला, लक्ष्मी कांत मिश्रा, बाबादीन शुक्ल, प्रवीण , सूरज शुक्ला, अशोक कुमार तिवारी, महेंद्र कुमार शुक्ला, श्रीचन्द कनौजिया, राहुल शुक्ल , छोटे लाल पाल एवं आदि कार्यकर्ता तथा किसान उपस्थित रहे।

# राम दरबार का वर्णन सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोतागण

## किशोरी सदन में चल रही राम कथा में राम जन्म का हुआ रोचक वर्णन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सेवा भारती द्वारा आयोजित नगर के किशोरी सदन में सुसज्जित भव्य पंडाल में श्री राम कथा के तृतीय दिवस में आज मानस मर्मज्ञ दिलीप कृष्ण भारद्वाज ने सर्व प्रथम भगवान शिव एवं माँ पार्वती के मध्य हुए संवाद का अद्भुत वर्णन किया।

कैलाश पर अवस्थित एक सुन्दर बट बिटप के नीचे भगवान शिव अत्यंत शांत भाव से मृगछाला बिछा कर आसीन हुए। माँ पार्वती भी पास में बैठीं और वार्ता के क्रम में अपने पूर्व सती रूप में भगवान राम के मानव रूप पर अपनी शंका के लिए पछतावा व्यक्त किया। माँ पार्वती ने भगवान शिव से श्री राम के मानव रूप के विषय में कतिपय प्रश्न किए। शिव जी ने बताया की सर्वेश्वर भगवान विष्णु ही राम के रूप में अवतरित हुए। कारणों की



मानस मर्मज्ञ दिलीप कृष्ण भारद्वाज से आंशीर्वाद लेते पूर्व मंत्री बृजेश शर्मा।

व्याख्या करते हुए भगवान आशुतोष ने बताया कि वैसे तो अनेक कारण थे किंतु पांच कारण मुख्य थे।

एक भगवान नारायण के द्वारपालों जय एवं विजय को सनक आदि ऋषियों द्वारा शाप और उन दोनों का हिरण्य कश्यपु एवं हिरण्याक्ष के रूम में तथा अंत में रावण कुंभकर्ण के रूप में जन्म लेना, दो अपनी परम पतिव्रता पत्नी के कारण सभी देवताओं को जालंधर द्वारा पराजित करना, भगवान नारायण द्वारा उसकी पत्नी का छद्म रूप से शील भंग जिसके कारण उस पतिव्रता द्वारा नारायण को शाप, तीसरा मोह से आच्छादित नारद जी द्वारा भगवान विष्णु को मानव योनि में जाने का श्राप, चैथा मनु शतरूपा द्वारा तपस्या एवं भगवान विष्णु को पुत्र रूप में प्राप्त करने का वरदान प्राप्त करना। इस प्रसंग की विशद व्याख्या श्री दिलीप कृष्ण महाराज जी द्वारा प्रस्तुत की गयी एवं पांचवां राजा प्रताप भानु को ब्राह्मणों के श्राप की कथा। कथा को आगे बढ़ाते हुए श्री दिलीप कृष्ण ने बताया कि बढ़ते हुए पाप, अत्याचार से त्रस्त पृथ्वी का समस्त देवताओं के साथ भगवान विष्णु से पापाचार को मिटाने के लिए प्रार्थना की। भगवान विष्णु ने पृथ्वी पर अवतरित होने का आश्वासन दिया।

इधर अयोध्या नरेश दशरथ जी ने पुत्र प्राप्ति हेतु वशिष्ठ जी के परामर्श पर श्रृंगी ऋषि से यज्ञ कराया। यज्ञ कुंड से अग्नि महाराज ने प्रकट होकर राजा दशरथ को चरू प्रदान किया तथा रानियों में बाँट देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रभु श्री राम दरबार की अद्भुत झांकी प्रस्तुत की गयी। बहुत ही उल्लासपूर्ण वातावरण रहा जिसका सभी श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। कथा प्रारंभ होने के पूर्व मुख्य यजमान श्री सिया राम गुप्ता जी ने विधिवत पूजन व माल्यार्पण किया। आज की कथा में मनोज ब्रह्मचारी, ओम प्रकाश त्रिपाठी, बृजेश शर्मा, गोविंद खण्डेलवाल, शिशिर खरे, अमित शुक्ला, नीतेश खंडेलवाल, गिरिजा शंकर मिश्र, प्रह्लाद खंडेलवाल, आशीष जायसवाल, सुनील दुबे, डॉ कामायनी उपाध्याय, शरद केसरवानी, रतन चंद जैन, दिनेश अग्रहरि, शकुंतला, उमा खंडेलवाल, सुधा, सुमन, संगीता खण्डेलवाल इत्यादि उपस्थित रहे।

# रात की छोड़ो यहां तो दिन में भी नही रहती एएनएम

## अगई एएनएम सेंटर का एक दशक से नहीं खुला ताला, लापरवाह बने जिम्मेदार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रात निवास की बात तो दूर की है यहां तो दिन में भी एएनएम नही रहती है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ग्रामीणों को दर-दर भटकना पड़ता है। विभागीय लापरवाही के चलते स्वास्थ्य सेवा बत्तर हो गई है।

स्थानीय सीएचसी क्षेत्र स्थित जिले की सबसे बड़ी ग्राम सभा अगई के हजारों ग्रामीणों की स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए शासन ने एएनएम सेंटर को स्थापित किया है। केंद्र पर एएनएम की तैनाती भी की गई है, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते यहां रात की बात छोड़ो दिन में भी कोई नही रहता है। लगभग एक दशक से एएनएम सेंटर का ताला तक नही खुला है। केंद्र पर किसी के न रहने व रख-रखाव न होने की वजह से जर्जर हो गया है। सुविधा के बाद



बदहाल अवस्था में अगई का एएनएम सेंटर।

भी मनमानी की वजह से गांव के लोगो को स्वास्थ्य सेवा के साथ ही प्रसव पीड़ा के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों की मानें तो इस संबंध में कई बार अधिकारियो से शिकायत भी गई, लेकिन कोई असर नहीं दिखाई दिया। जब कि लोगो को अच्छी स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के उद्देश्य से शासन ने निर्देश दे रखा है कि सभी स्वास्थ्य कर्मी अपने केंद्र पर रात्रि निवास भी करें, लेकिन यहां तो सरकार की मंशा पर जिम्मेदार पानी फेर रहे हैं। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक ने बताया की केंद्र की मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, धन आते ही ठीक करा दिया जायेगा उसके बाद व्यवस्था ठीक हो जाएगी।

## गोष्ठी व मेला का आयोजन आज

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि गुणवत्तायुक्त पान उत्पादन की प्रोत्साहन योजना वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत 26 सितम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे तुलसीसदन (हादीहाल) में जनपद स्तरीय सेमीनार/गोष्ठी/मेला जनहित में आयोजित किया जा रहा है जिसमें कृषि वैज्ञानिकों द्वारा पान की खेती से सम्बन्धित कृषकों को नवीनतम तकनीकी जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। जनपद के इच्छुक पान उत्पादक कृषक जनपद स्तरीय सेमीनार/गोष्ठी में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

# कृषि विज्ञान केन्द्र की पहल अब किसानों की छतों पर लहरायेगी सब्जियों की फसल

## मोटे अनाजो को मिलेगा बढ़ावा

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कृषि विज्ञान प्रतापगढ़ के द्वारा तकनीकियों के प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण हेतु ऐंठू, नया पुरवा तथा शाहाबाद गांव का चयन किया गया है, इन गॉवों में कृषि विज्ञान केंद्र की तकनीकियों का प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण होगा जिसके तहत गृह वैज्ञानिक स्वाती दीपक दुबे के द्वारा ऐंठू, नया पुरवा में किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए ग्रो बैग जो की सब्जियों के उत्पादन के लिए है उसे वितरण किया।

किसानो को सब्जी उत्पादन में मुख्य समस्या यह रहती है कि वह बारिश के मौसम में सब्जियों का उत्पादन नहीं हो पाता है क्यांकि उनकी जमीन में पानी भर जाता है जिससे सब्जियां की पौध ठीक से विकास नही कर पाती। इसी समस्या के समाधान हेतु केरल विश्वविद्यालय ने इस तकनीकि का विकास किया और वहॉ के तकनीकी ग्रुप जिसमें किसान भाई अपने छतों के ऊपर या घर में जहां पर पर्याप्त मात्रा में प्रकाश, हवा, पानी की सुविधा हो वहां रखकर सब्जियों का उत्पादन सफलता पूर्वक कर सकते हैं। इसमें किसान भाई भिंडी, टमाटर, बैंगन, शिमला मिर्च, ब्रोकली इत्यादि सब्जियों की पैदावार कर सकते हैं। ऐंठू, नया पुरवा गांव के राम अवध, गिरजेश, सुनीता, सीमा, राजेश, धर्मराज, प्रभाकर, घनश्याम व अन्य किसानों को यह ग्रो बैग का वितरण किया गया। अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के अंतर्गत किसान भाइयों को रागी, मकरा, मांडवा फसल का परीक्षण 5 किसान भाइयों (नर्मदा देवी, सतीश, छेदीलाल, दाया, सुनीता तथा इंद्रजीत सिंह) के प्रक्षेत्र पर लगाया गया। इस परीक्षण के अंतर्गत इसके उत्पादन से लेकर मूल्य संवर्धन एवं बाजार बिक्री के लिए एक श्रृंखला से जोड़ा जाएगा जिसमें किसान भाई रागी को और बढ़ावा देंगे और इससे बने हुए उत्पादों की पैकिंग, लेवलिंग, मार्केटिंग आदि सभी आवश्यक कार्य किये जाएंगे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से व्यापारी हुआ घायल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर की टक्कर से सोमवार को बाइक सवार सब्जी विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। सांगीपुर थाना के पूरे गोविन्द निवासी केशव वर्मा 35 सब्जी लेकर सांगीपुर जा रहा था। लालगंज कोतवाली के बरीबोझ गांव के सामने तीव्र गति से आ रहे टैज्क्टर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में केशव वर्मा को गंभीर चोटें आ गयी। आननफानन में उपचार के लिए उसे सांगीपुर सीएचसी भेजवाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों की चर्चा के मुताबिक मिटटी ढो रहे कुछ टैज्क्टर सड़क पर तेज गति से देखे जा रहे हैं। इसके चलते सोमवार की सुबह गांव के प्राथमिक विद्यालय के समीप भी कुछ स्कूली बच्चे एक टैज्क्टर की चपेट में आने से बाल बाल बच गये। लोगों ने प्रशासन से अवैध खनन को लेकर बेकाबू टैज्क्टर ट्राली पर लगाम कसने की गुहार भी लगायी है।

# ....हमहू एक रोज सयान होब, का रहब ओलारा सूपैन मा

## साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में हुआ कवि सम्मेलन व परिचर्चा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हिन्दी के विकास में अवधी की भूमिका विषय पर कवि सम्मेलन एवं परिचर्चा का आयोजन साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में किया गया। इस परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए अवधी साहित्य संस्थान अमेठी के अध्यक्ष डॉ0 अरविन्द पाण्डेय ने अवधी भाषा को और अवध क्षेत्र के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि हिन्दी और अवधी में कोई भेद नही है बल्कि यह हिन्दी भाषा के मूल में है। मलिक मोहम्मद जायसी का पद्मावत और गोस्वामी तुलसीदास का श्री राम चरित्र मानस अवधी के अनूठे संग्रह है।

उन्होंने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास को जब सम्राट अकबर ने जेल में डाल दिया



महाविद्यालय के प्रबंधक को सम्मानित करते अतिथिगण।

तो उनकी सहायता रहीम खानखाना ने की और सम्राट को इस अवधी कवि सम्राट से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ0डी0पी0 ओझा ने अवधी के राम और बृज के कृष्ण के व्यक्तित्व में तुलना करते हुए अवध प्रान्त के हृदय सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ और अमेठी के महत्व पर विस्तार से व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम की विशेषता यह भी कि यह पूरा कार्यक्रम अवधी में संचालित था और कवियों ने अवधी काव्य पाठ किया। यज्ञ कुमार पाण्डेय ने मउत कै इल्म मरि जात की भूलि गा, जिंदगी भैं बखूबी मरा आदमी। डॉ0 गीता पाण्डेय अपराजिता ने हिन्दी कय बाढ़ विकास न होत कइस प्रफुल्लित जन समुदाई। मीरा कैं गान सुहात न केहुक नहि दास नरोत्तम कै कविताई। डॉ0 सुरेश व्योम ने जन्मय क पहिले काहे देहलिव तु मारि, तोहका माई कही माई की कसाई कही माई। चाँदनी दूबे ने हमहू एक रोज सयान होब, का रहब ओलारा सूपैन मा, नाही ना कसर जवान होब। रजिया सुल्तान ने गुलों के बीच में भौंरा मुझे नजर आया, वो गोपियों में ग्वाला मुझे नजर आया। अर्चना सिंह ने गुनहीन अही, बलहीन अही, हम बुद्धि विवेक से दूर अही। कविता औ कला सहूर न बा, दिन रात प्रपंच में चूर अही। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सुरेश चन्द्र व्योम ने एवं कार्यक्रम में आये हुये आगन्तुकों के प्रति आभार महाविद्यालय के प्रबन्धक अरविन्द श्रीवास्तव ने किया।

# ट्रामा सेंटर को चालू न किये जाने पर पूर्व विधायक ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सदर विधान सभा क्षेत्र के पूरे केशवराय में सपा शासनकाल में वर्ष 2016 में बने ट्रामा सेंटर को आज तक चालू न किये जाने पर क्षोभ जताते हुए सपा के पूर्व विधायक नागेन्द्र सिंह उर्फ मुन्ना ने आज जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर इसे चालू कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला है कि बाईपास के नाम पर इस ट्रामा सेंटर को तोड़ने की योजना का खाका तैयार हुआ है, जो नक्शे में तैयार करके इसे बाईपास के रास्ते में बताया जा रहा है। उन्होंने कहा



जिलाधिकारी को ज्ञापन देते पूर्व विधायक नागेन्द्र सिंह।

कि यदि ट्रामा सेंटर को तोड़ा गया तो इसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। उन्होंने शासन प्रशासन को अवगत कराते हुए ट्रामा सेंटर यथास्थिति रहने दिया जाए की मांग की। यदि ट्रामा सेंटर को तोड़ा गया तो समाजवादी पार्टी इसको लेकर आंदोलन करेगी।

# 15वें सामूहिक विवाह का पहला युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला उमरवैश्य समाज सभा द्वारा आयोजित 15वें सामूहिक विवाह का पहला परिचय सम्मेलन उमरवैश्य धर्मशाला चिलबिला में विश्वनाथ उमरवैश्य की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में आज के परिचय सम्मेलन में कई जिले के वर-कन्याओं ने सहभागिता की तथा 5 जोड़ों ने अपनी सहमति दी।

दूसरा परिचय सम्मेलन 25 अक्टूबर को आयोजित होगा। सभी चयनित जोड़ों का सामूहिक विवाह 24 नवंबर को उमरवैश्य धर्मशाला व मौर्या रिसार्ट चिलबिला से संपन्न होगा। समाज सभा के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि समाज सभा का 15वां सामूहिक विवाह का पहला परिचय सम्मेलन आज

## उमरवैश्य समाज की पत्रिका का हुआ विमोचन



पत्रिका का विमोचन करते उमरवैश्य समाज के पदाधिकारी।

संपन्न हुआ जिसमें पाँच जोड़ों ने अपनी सहमति दी है। दूसरा परिचय सम्मेलन 25 अक्टूबर को उमरवैश्य धर्मशाला में संपन्न होगा। जितने भी जोडे. चयनित होंगे सभी का सामूहिक विवाह 24 नवंबर को संपन्न कराया जाएगा। सभी पदाधिकारी से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा जोड़े बनवाने में अपना योगदान दें। समाज द्वारा प्रकाशित पत्रिका का विमोचन कर सभी पदाधिकारीयो को वितरित किया गया। महामंत्री शोभनाथ ने कहा कि सभी पदाधिकारी इस महायज्ञ को सफल बनाने में अपना योगदान देने की कृपा करें। आभार ज्ञापन मदनलाल उमरवैश्य ने किया। अध्यक्षता कर रहे विश्वनाथ उमरवैश्य ने सभी को तन-मन-धन से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर गुलाबचंद उमरवैश्य, मदनलाल उमरवैश्य, हनुमान प्रसाद, रवि गुप्ता, स्वपनिल उमरवैश्य, रमेश कुमार, अरविंद कुमार, राघव राम, रमेश चंद्र, श्रवण कुमार, शिव शंकर, जवाहरलाल, विष्णु शंकर, शिवकुमार, देवेश कुमार, अमृतलाल, ओमप्रकाश, लालता प्रसाद उमरवैश्य, विजय कुमार, गोपाल गुप्ता, अंशिका, चंद्रकांता, अंजू, सुनीता, पूनम उमरवैश्य, रेखा उमरवैश्य, पूजा, अमृतलाल, रामकुमार आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं पर हमले में कार्रवाई न होने पर भड़के साथी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** साथी अधिवक्ताओं पर जानलेवा हमले को लेकर अधिवक्ताओं ने बैठक के जरिए आक्रोश जताया है। सोमवार को तहसील परिसर में संयुक्त अधिवक्ता संघ की आमसभा हुई। इसमें जिला बार एसोशिएसन के पूर्व अध्यक्ष महीप नारायण सिंह तथा सांगीपुर थाना के देउम निवासी अधिवक्ता संदीप तिवारी पर प्राणघातक हमले को लेकर आक्रोश जताया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि दोनों साथी अधिवक्ताओं पर जानलेवा हमले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। उन्होने कहा कि इसके बावजूद आरोपियों की धर पकड़ न होना चिंताजनक है। बैठक में प्रशासन को आगाह किया है कि अधिवक्ताओं के हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई न हुई तो संघर्ष का बिगुल बजेगा। संचालन महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल ने किया। बैठक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह, टीपी यादव, राममोहन सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अजय शुक्ल, देवी प्रसाद मिश्र, आशीष तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, रामलगन यादव, सुशील शुक्ल, जान्हवी प्रताप सिंह, जितेन्द्र सिंह, कालिका प्रसाद पाण्डेय, विनय जायसवाल, मोहित जायसवाल, घनश्याम मिश्र, रोशन सरोज, मो. ईसा, इरफान, शिवप्रसाद यादव, संजय सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, रवीन्द्र नाथ तिवारी, सत्येन्द्र श्रीवास्तव आदि अधिवक्ताओं ने संबोधित करते हुए साथियों के उत्पीड़न पर आक्रोश जताया। इस मौके पर अजय सिंह, अमरनाथ यादव, प्रभाकर पाल, दिनेश सिंह, केके शुक्ला, वसीमुददीन, प्रभात श्रीवास्तव, प्रमोद तिवारी, विनोद शुक्ल, शैलेन्द्र शुक्ल, भास्कर शुक्ला, राजेन्द्र त्रिपाठी, रूद्र प्रताप पाण्डेय, रामअभिलाष यादव, राजीव तिवारी, लालता प्रसाद पाण्डेय, हेमन्त पाण्डेय, उदयराज पाल, ललित गौड़ आदि अधिवक्ता रहे।

# कीटनाशी रसायन के डीलरो एवं वितरकों को किया जायेगा प्रशिक्षित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने समस्त कीटनाशी विक्रेताओं/डीलरों को सूचित किया है कि खुदरा विक्रेताओं अथवा डीलरों जो कीटनाशी (दूसरा संशोधन) नियम 2017 के प्रारम्भ की तारीख 01.02.2017 की स्थिति के अनुसार निर्धारित अर्हता के बिना वैध अनुज्ञप्ति धारक है के कीटनाशी प्रशिक्षण हेतु निदेशक राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबन्धन संस्थान हैदराबाद के माध्यम से राज्य कृषि प्रबन्धन संस्थान रहमानखेड़ा लखनऊ द्वारा 12 दिवसीय सीसीआईएम प्रशिक्षण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। इस कार्यक्रम में कीटनाशी रसायन के डीलरो एवं वितरकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। लाभार्थियों के चयन हेतु जनपद में प्रशिक्षण से अवशेष डीलर एवं वितरकों के प्राप्त आवेदनों प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर 40 प्रशिक्षार्थियों के वैचों का संचालन किया जायेगा। प्रशिक्षण सप्ताह में एक दिन (निर्धारित दिवस) 03 माह में कुल 12 दिवस में चलाया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम होने के उपरान्त सर्टीफिकेट भी एन0आई0पी0एच0एम0 हैदराबाद के माध्यम से दिया जायेगा। उन्होने यह भी बताया है कि जिन विक्रेताओं/डीलरों के पास डिप्लोमा/डिग्री की आर्हता नही होगी उनके कीटनाशी लाइसेंस 31.12.2023 के पश्चात वैध नही रहेगें। वैधता स्वतः समाप्त हो जायेगी। 40 प्रशिक्षार्थी से अधिक संख्या होने पर दूसरा बैच तैयार किया जायेगा, जिसमें अवशेष बचे लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये जिला कृषित रक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

## आरोपी के खिलाफ तहरीर, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आरोपी पर पीड़िता ने अपनी पुत्री को हैरान व परेशान किये जाने को लेकर लालगंज कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। इदिलपुर निवासी स्व0 राघवराम की पत्नी धर्मा देवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि उसके गांव का एक आरोपी युवक उसकी पुत्री को परेशान किया करता है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपी उसकी पुत्री को बदनाम करने के लिए मोबाइल पर फोटो बनाकर वायरल कर रहा है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी युवक उसकी पुत्री का बदनीयती से पीछा भी किया करता है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# चार आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिशन चार आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व तोडफोड तथा धमकी का केस दर्ज किया है। रानीगंज कैथौला के बोधी सिंह का पुरवा दीपक सिंह की पत्नी मनोरमा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेईस सितंबर को सुबह सात बजे रंजिशन विपक्षी दरवाजे पर आकर गालीगलौज करने लगे। मना करने पर विपक्षी गांव के बैजनाथ सिंह के पुत्र अरूण, अरूण के पुत्र विकास तथा अरूण की पत्नी मुन्नी सिंह व विकास की पत्नी गुड़िया हमलावर हो उठे। पीड़िता बचाव के लिए घर के अंदर घुस गयी तो वहां भी आरोपियों ने पहुंचकर उसे तथा उसकी पुत्री खुशी को मारापीटा। विरोध करने पर आरोपियों ने गृहस्थी के सामान में तोडफोड की। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार की रात आरोपी अरूण समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## बिजली विभाग द्वारा जल निगम कालाकांकर का बदला गया ट्रांसफार्मर

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के कालाकांकर मोहम्दाबाद उपरहार गांव मे तीन दिन पूर्व बिजली विभाग द्वारा जल निगम की पानी की टंकी से सप्लाई के लिए लगाया गया ट्रांसफार्मर अचानक जल गया जिससे पानी के लिये हाहाकार मच गया किसी तरह ग्राम प्रधान कुंवं मनीष सिंह व जल निगम जेई मो0 अशद ने पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए बिजली बिभाग से ट्रांसफार्मर लगवाया जो ट्रांसफार्मर लगने के तीसरे दिन हीं जल गया जिससे पानी की सप्लाई बंद हो गई। पानी की सप्लाई बन्द होने से कालाकांकर, पीरानगर, लालसिंह का पुरवा, हिनाहु व आलापुर मे पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ था। सोमवार को बिजली विभाग द्वारा जल निगम कालाकांकर के लिए दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया गया जिससे ग्रामवासियो को पानी से राहत मिली ग्रामवासी रवि जायसवाल, राधेश्याम, शिवम, शुभम, धुन्नीलाल, विद्याशंकर, शंकरलाल गुप्ता आदि लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना करते दिखाई दिये।

# स्वच्छता मिशन के तहत निकाली गयी जागरूकता रैली

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय ब्लाक मुख्यालय पर सोमवार को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की जन जागरूकता रैली को ब्लाक प्रमुख तथा बीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर गांवों के लिए रवाना किया।

जल जीवन मिशन के तहत ब्लाक मुख्यालय पर जागरूकता के तहत नुक्कड़ नाटक एवं सामाजिक मान चित्रण जैसे कार्यक्रम भी किये गये। ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने कहा कि इस अभियान के तहत आंगनबाडी केन्द्रों तथा प्राथमिक विद्यालयों में लोगों को जागरूक करने के लिए स्वच्छता मेला का भी आयोजन किया जाएगा। खण्ड विकास अधिकारी इंदु प्रकाश श्रीवास्तव ने ग्राम पंचायतों मे स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक किये जाने के इस अभियान की सराहना की। जिला कार्यक्रम समन्वयक शमसाद अहमद ने अभियान के उददेश्य पर प्रकाश डाला। सहायक समन्वयक हिमांशु गिरि ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर अंजली सिंह, अरूण मौर्या, ममता दुबे, नीरज यादव, अरविन्द गिरि, अंशु सिंह, वैभव, रोहित, शिवम मिश्रा, प्रीतेन्द्र ओझा आदि रहे।

# रेलवे ट्रैक के बीच पटरियों पर मिला क्षत-विक्षत अधेड़ का शव

## ट्रेन से गिरकर मौत की जताई जा रही आशंका नहीं हुई शिनाख्त



**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के नगर पंचायत अझुवा भैरम बाबा( सकरा बाबा)के पास दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर बीच पटरियों पर सोमवार दोपहर बाद संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ का रक्त रंजित क्षत विक्षत बीभत्स शव मिला है।शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन काफी प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है लोगों ने आशंका जताई है कि ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मौत हो सकती है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अज्ञात शव की उम्र करीब 55 वर्ष हो सकती है तमाम प्रयास के बाद खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है शव का चेहरा दिख रहा है शेष शरीर के चीथड़े उड़ गए थे जो बड़े बीभत्स दिखाई पड़ रहा हैं।

## पेंशनर पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर, इसकी सूचना तत्काल कोषागार को दिया जाय

**कौशाम्बी।** वरिष्ठ कोषाधिकारी विनय कुमार प्रजापति ने बताया कि पेंशनर पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरान्त परिजनों के द्वारा इसकी सूचना कोषागार को नहीं दी जाती है, जिसके फलस्वरूप कोषागार द्वारा पेंशन पारिवारिक पेंशन का भुगतान जारी रखा जाता है। बाद में जानकारी मिलने पर अधिक भुगतान की वसूली की कार्यवाही करनी पडती है। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने समस्त संबंधितों को सूचित किया है कि पेंशनर पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर इसकी सूचना कोषागार को तत्काल प्रदान किया जाय। यह पेंशनर पारिवारिक पेंशनर के परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य है। यह भी ध्यान रहे कि ऐसे किसी भी प्रकरण में अनियमित भुगतान की धनराशि अनधिकृत है, जिसकी वसूली बैंक के माध्यम से अथवा भू-राजस्व के बकाये के रूप में वसूल किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

## पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड गर्ल्स कालेज में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन




**कौशाम्बी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न पदों पर चयनित किए गए छात्र एवं छात्राओं को कौशाम्बी एवं प्रयागराज के बार्डर पर स्थित पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड गर्ल्स कालेज में दिनांक 25 सितम्बर को पदभार एवं शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधक एवं भारत सरकार नार्दन रेलवे बोर्ड के सदस्य डाo प्रभु शंकर शुक्ला इस दौरान मौजूद रहें। उन्होंने छात्र एवं छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए पुरस्कृत किया। सर्वप्रथम कालेज कैप्टन के रूप में छात्र विवेक मिश्रा एवं छात्रा अनुशिखा पाण्डेय को पदभार एवं शपथ ग्रहण कराया गया। डिसिप्लिन इंचार्ज के रूप में छात्र अर्पित एवं छात्रा संध्या यादव, रेड हाउस कैप्टन अवनी दूबे एवं वाइस कैप्टन देविका यादव, यलो हाउस कैप्टन विधु सेन एवं वाइस कैप्टन पायल कुमारी, ग्रीन हाउस कैप्टन आदित्य मोदनवाल एवं वाइस कैप्टन कसब सिद्दिकी, ब्लू हाउस कैप्टन अदीबा बनो एवं वाइस कैप्टन साहिना साहू सहित आदि छात्र एवं छात्राओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कालेज लीडर पिंकी यादव, एजुकेशन इंचार्ज बेबी फरीदा, निर्मला पांडे, शैलेंद्र कुमार, राजीव केशरवानी, कल्याण सिंह सहित समस्त स्टाफगण इस दौरान मौजूद रहे हैं।

# गणेश विसर्जन व बारावफात के पूर्व संदीपन घाट थाना में हुई पीस कमेटी की बैठक

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** आगामी बारावफात और गणेश विसर्जन को लेकर सोमवार को पीस कमेटी की बैठक संदीपन घाट थाना में आयोजित हुई थाना प्रभारी दिलीप कुमार सिंह ने लोगों से भाईचारा बनाए रखने व सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की,साथ ही उन्होंने कहा कि इन त्यौहारों में अशांति फैलाने वालों एवं अराजकतत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी,यदि किसी ने भी त्योहारों में किसी भी प्रकार की खुराफात करने या झूठी अफवाह फैलाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह जिले के अन्य थाना क्षेत्र में भी संबंधित थानेदारों ने क्षेत्र के सभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक कर आगामी त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष संदीपन घाट दिलीप कुमार सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित लोगों से भी शांति व्यवस्था की जानकारी ली संदीपन घाट थाना प्रभारी द्वारा बैठक में जानकारी दी गई कि मूरतगंज चौकी क्षेत्र में तीन गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। जिनका विसर्जन दिनांक-29 सितम्बर को संपन्न किया जाएगा और बारावफात का कार्यक्रम थाना क्षेत्र के पन्द्रह जगहों पर है,जो दिनांक-28 सितम्बर को होना है, इस मौके पर उपनिरीक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक जयप्रकाश आलमचन्द्र चौकी प्रभारी अनुराग सिंह, मुरतगंज चौकी प्रभारी हनुमान प्रसाद, उपनिरीक्षक भगवान यादव ग्राम प्रधान सुल्तान सिंह, ग्राम प्रधान अब्दुल मलिक, ग्राम प्रधान प्रशान्त कुमार पंकज कुमार, जिला पंचायत सदस्य अरशी जाफरी, नजमी जाफरी, आजमी जाफरी, दिल नवाज, हेमराज, समीर माली सहित तमाम सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

# कन्या पूजन के बाद महिला भक्तों ने कन्याओं को कराया भोजन

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** गणेश महोत्सव के आयोजन के साथ-साथ गणेश पंडाल में भंडारा और कन्या भोजन का आयोजन भी भक्तों द्वारा बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास और आस्था के साथ किया जा रहा है भंडारे में नगर के लोगों द्वारा बढ़ चढ़कर सहयोग दिया जा रहा है गणेश महोत्सव के अवसर पर पंडाल में गणेश प्रतिमा स्थापित कर बड़ी धूमधाम से भक्त भगवान गणेश की पूजा अर्चना आरती में लीन है प्रतिदिन सुबह शाम आरती पूजन के बाद गणेश पंडाल में प्रसाद वितरण हो रहा है शाम को प्रतिदिन गणेश पंडाल में भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया जा रहा है मंझनपुर कस्बे के नेहरू नगर स्थित शिव मंदिर में श्री सिद्धिविनायक कमेटी द्वारा स्थापित गणेश प्रतिमा के पंडाल में सोमवार के दिन कन्या भोजन का आयोजन बड़ी धूमधाम से भक्तों द्वारा किया गया इस दौरान मोहल्ले की महिलाओं ने कन्याओं के चरण पूजन करने के बाद उन्हें तिलक लगाकर कन्याओं को भोजन कराया गणेश पंडाल में देर शाम तक 500 से अधिक भक्तों और कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया है कन्या भोजन के बाद कन्याओं को दक्षिणा उपहार भी कमेटी की ओर से दी गई है इसी तरह मंझनपुर नगर के अन्य गणेश पंडाल में भी कन्या पूजन भंडारे का आयोजन किया गया है जिले के अन्य नगर क्षेत्र भरवारी सिराथू पश्चिम शरीरा मनौरी मूरतगंज आदि क्षेत्रों में भी पंडाल में गणेश प्रतिमाएं स्थापित कर भक्त पूजा अर्चना आरती कन्या भोजन और कन्या पूजन में लीन है बीते एक सप्ताह से पूरा जिला गणपति बप्पा मोरिया के नारे से गूंज रहा है इस मौके पर उज्ज्वल केशरवानी प्रभाकर केशरवानी सत्यम मोदनवाल राहुल सिंह विष्णु केशरवानी अंशित मोदनवाल अंकित मोदनवाल शिवम केशरवानी हरषु केशरवानी श्याम जी मोदनवाल अर्जुन केशरवानी छेद्दु केशरवानी जानी गुप्ता बबलू केशरवानी दिव्यांशु मोदनवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# विचाराधीन मुकदमे के बाद दबंगई के बल पर हो रहा है जमीन पर कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**मोहद्दीनपुर की घटना को लोग भूल भी नहीं पाए लेकिन थाना पुलिस विवादित जमीन में फिर बरत रही है लापरवाही**



**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के तन्नापुर गांव में अफसाना बेगम बनाम प्रेमचंद लोधी का मुकदमा न्यायालय उप जिला अधिकारी मंझनपुर की अदालत में विचाराधीन है इस मुकदमे की सुनवाई के दौरान नवनिर्माण करने का कोई आदेश न्यायालय ने जारी नहीं किया है जमीन का शक्ल बदलने नवैयत परिवर्तन करने और नवनिर्माण का आदेश न्यायालय द्वारा नहीं दिया गया है बताया जाता है कि अदालत में विचाराधीन मुकदमे के बाद दबंगई के बल पर अफसाना बेगम का पक्ष मजदूर राजगीर लगा कर जबरिया जमीन में निर्माण कर रहा है दूसरे पक्ष के निर्माण को ढहा दिया गया है जिससे विवादित जमीन की शक्ल और नवैयत में परिवर्तन होने लगा है स्थानीय मंझनपुर कोतवाली पुलिस से दसरे पक्ष द्वारा शिकायत करने के बाद नव निर्माण नहीं रुक सका है जिससे कोतवाली पुलिस के हलका सिपाहियों की भी भूमिका सवालों के घेरे में है विवादित जमीन के चलते बीते दिनों संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर की घटना को अभी लोग भूल भी नहीं पाए हैं लेकिन थाना पुलिस विवादित जमीन में फिर लापरवाही बरत रही है जिससे पुलिसिया लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# रिद्धि सिद्धि कॉलेज ऑफ फामेर्सी में फार्मासिस्ट डे के अवसर पर आयोजित हुआ हेल्थ कैंप

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित रिद्धि सिद्धि कॉलेज ऑफ फामेर्सी में सोमवार को फार्मासिस्ट डे के अवसर पर हेल्थ कैंप का आयोजन हुआ जिसके अंतर्गत मरीजों का ब्लड परीक्षण, ब्लड प्रेशर माप, शुगर जांच, ऑक्सीजन लेवल एवम पल्स रेट, शरीर तापमान आदि का परीक्षण किया गया संस्थान के अध्यनरत छात्र छात्राओं में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा था और रिद्धि सिद्धि कॉलेज के इस पहल में बढ़ चढ़ के हिस्सा ले रहे थे। इस हेल्थ कैंप के अवसर पर संस्थान के चैयरमैन पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने सभी छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया, और आपने संदेश में कहा कि हमारे यही छात्र छात्राएं देश का भविष्य हैं देश की चिकित्सा व्यवस्था में फामेर्सी डिपार्टमेंट एक रीढ़ की हड्डी हैं। आप सभी कठिन परिश्रम और लगन के साथ पढ़ाई करते हुए समाज का एक मजबूत स्तंभ बने। श्री गुप्ता जी ने कहा कि चिकित्सा और शिक्षा में किसी भी प्रकार की कमी समाज को गड्ढे में गिरा सकती हैं इसीलिए शिक्षा में कभी समझौता नही किया जा सकता इस कार्यक्रम में संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार डिप्टी डायरेक्टर डॉ. मयंक मिश्रा प्राचार्य डॉ. गंगेंद्र मिश्रा अमित दुबे अंकित कुमार मौर्य एवम रिद्धि सिद्धि कॉलेज ऑफ फामेर्सी के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# वाहनों में देवताओं का स्टीकर लगाना देवताओं का जयकारा करने पर हो रहा वाहनों का चालान

**अखंड भारत संदेश**




**कौशाम्बी।** भारतीय संविधान में पूजा पद्धति में रोक लगाने का अधिकार सरकार को भी नहीं दिया गया है लेकिन इन दिनों यातायात के नियम इस तरह से बनाए गए हैं कि लोग वाहनों में देवी देवताओं के स्टीकर को लगाकर उनकी पूजा अर्चन नहीं कर सकते सरकार द्वारा यातायात सुरक्षा के लिए बनाए गए नए नियम आम जनता के लिए मुसीबत बन गए हैं वाहन चलाने के समय अपनी वा सड़क पर चलने वालों की सुरक्षा की कामना लेकर अपने इष्ट देव का जयकारा भी नहीं लगा सकते वाहन में देवताओं का स्टिकर लगाकर सुरक्षा की कामना भी ईश्वर से नहीं कर सकते।

किसी वाहन मे देवी देवता ॐ के स्टीकर लगाए गए हैं प्रभु का नाम लेकर जय लिखा गया है तो वाहनों का यातायात पुलिस चालान कर रही है यातायात पुलिस का कहना है कि यह सांप्रदायिक है और यातायात नियमों पर सांप्रदायिकता पर सरकार ने रोक लगाई है आखिर भारतीय संस्कृति सभ्यता कहां जा रही है यातायात नियमों में परिवर्तन करने वाले अफसरों ने कहा गलत किया है जो बड़ी जांच का विषय है सरकार के नियम आने के बाद यातायात पुलिस मजबूर है और जांच पड़ताल में लगे पुलिस कर्मियों द्वारा देवी देवताओं के स्टीकर पर चालान किया जा रहा है जो पूरी तरह से धर्म का अपमान है। हिंदुत्व की बात करने वाली भाजपा की योगी सरकार में आम जनमानस वाहन स्वामी वाहनों में देवताओं के स्टीकर ॐ के स्टिकर लगाकर यातायात की जांच के दौरान जलालत झेलते हैं बिना अपराध किए यातायात का जुमार्ना भरते हैं और तरह-तरह की परेशानी वाहन स्वामी उठा रहे हैं लेकिन यातायात जाँच के नाम पर जिस तरह से सरकार का हवाला देकर वाहन स्वामियों का उत्पीड़न हो रहा है जांच में लगे उपनिरीक्षक और पुलिसकर्मी पूरे दिन केवल यातायात सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ड्रामेबाजी करते हैं जबकि तेजी से वाहन दुर्घटना बढ़ी हैं बढ़ते वाहन दुर्घटना से आम जनमानस प्रभावित हो रहा हैं तमाम लोगों की मौत हो रही है तमाम प्रयास के बाद वाहन दुर्घटना पर रोक नहीं लग रही है सरकार द्वारा बनाए गए नए नियमों के बाद यातायात पुलिस की बाँछे खिल गई है और वाहन स्वामियों से अवैध वसूली करते देखे जाते हैं।

जिले में कई हजार वाहनों से यातायात पुलिस की टोकन एंट्री के नाम पर महीने की करोड़ों रुपए की वसूली होती है यातायात से जुड़े पुलिसकर्मी मालामाल हो रहे हैं जिन वाहनों से यातायात पुलिस के टोकन एंट्री के नाम पर करोड़ों महीने की वसूली होती है उन वाहनों की कभी जांच पड़ताल नहीं की जाती मंझनपुर मुख्यालय से भरवारी मूरतगंज होकर बिना परमिट की तीन दर्जन अवैध बसे कई वर्षों से सड़कों पर बेखौफ तरीके से दौड़ने का मामला इसका जीता जागता उदाहरण है अवैध वाहन को कभी चेकिंग नहीं की जाती है सरकार द्वारा बीते दिनों अवैध वाहनों की चेकिंग के लिए स्पेशल टीम गठित की गई थी लेकिन उस टीम द्वारा भी अवैध वाहनों की चेकिंग कर कार्यवाही नहीं की गई उनका कभी चालान नहीं किया जाता है और ऐसे वाहनों से कभी जुमार्ना नहीं वसूला जाता है जबकि इन वाहनों के पास आधे अधूरे अभिलेख है आयोग्य बिना लाइसेंस के चालकों के हाथों में कमान है विक्रम ई रिक्शा डग्गामार प्राइवेट बसें डामर सड़क पर खड़ी करके सवारियां चढ़ाते उतारते हैं पूरे दिन विभिन्न चौराहा की सड़कों पर सैकड़ो अवैध वाहन खड़े दिखाई पड़ते हैं लेकिन यातायात पुलिस को विक्रम ई रिक्शा डग्गामार अवैध बसे नहीं दिखाई पड़ रही है यह अवैध वाहन आए दिन दुर्घटना को अंजाम देते हैं और फरार हो जाते हैं जांच के नाम पर इनको पुलिस खोज नहीं पाती है। इतना ही नहीं जिले में बिना ट्राली रजिस्ट्रेशन के हजारों ट्रैक्टर सड़क पर ट्राली लगा कर गिट्टी बालू मिट्टी ईंट के परिवहन में लगे हैं लेकिन कुछ वाहनों को छोड़कर के इन वाहनों का चालान नहीं होता है यातायात पुलिस को महीना देने वाले वाहनों की जांच पड़ताल नहीं किया जाता है यातायात जाँच के नाम पर केवल निजी वाहन स्वामी और दो पहिया वाहन चालकों का बेखौफ तरीके से उत्पीड़न कर यातायात पुलिस धन वसूली में लगी है ताजा मामला करारी थाना क्षेत्र के पिंडरा चौराहे का है जहां सोमवार के दिन लगभग 12:00 बजे यातायात उप निरीक्षक सफेद वर्दी में कमलेश पांडे तीन अन्य सिपाहियों के साथ वाहन की जांच कर रहे थे राहुल अपने निजी वाहन से कहीं जा रहा था उसके वाहन में ॐ का स्टीकर लगा था जिस पर उसके वाहन को चालान करने का उप निरीक्षक ने दबाव बनाया उसने लोगों से सिफारिश किया मामले की शिकायत यातायात निरीक्षक तक पहुँची बड़ी हूल हुज्जत के बाद वाहन स्वामी को जाने दिया गया है अब सवाल उठता है कि क्या ॐ लिखकर के वाहन में चलना सांप्रदायिकता है उसने दूसरे धर्म के बारे में तो कोई गलत टिप्पणी नहीं लिखी थी लेकिन यातायात पुलिस की नजर में अपने धर्म ईश्वर की बात करना भी सांप्रदायिकता हो गया है इस पर सरकार को फिर से विचार किए जाने की जरूरत है जिससे पूरे उत्तर प्रदेश के वाहन स्वामियों को राहत मिल सके।

## न्यूज झरोखा

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बलीपुर टाटा में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**कौशांबी।** चायल विकास खण्ड क्षेत्र के गांव बलीपुर टाटा में ग्राम प्रधान पुष्पा देवी ने तिरंगा लेकर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम देश के अमर शहीदों एवम स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि देने की मुहिम में कार्यक्रम आयोजित किया है जिसके तहत घर घर से मिट्टी एकत्रित कर ब्लॉक फिर जिला फिर प्रदेश और उसके बाद कर्तव्य पथ दिल्ली स्थित अमृत वाटिका भेजा जायेगा। सरकार द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानों, पंचायत सहायक आदि को घर घर जाकर कलश में मिट्टी और अक्षत एकत्र करने का निर्देश प्राप्त हुआ है इसी क्रम में ग्राम पंचायत बलीपुर टाटा की ग्राम प्रधान पुष्पा देवी ने अपने साथ समर्थकों व ग्रामीणों के साथ मिट्टी और अक्षत एकत्र किया ग्राम प्रधान ने देश प्रेम के बारे में लोगों को बताया उन्होंने कहा कि सभी को एक जुटता प्रेम सद्भाव के साथ मिलजुल कर रहना चाहिए। किसी को भी जाति और धर्म के आधार पर भेद भाव नही करना चाहिए इस दौरान प्रधान पति वीरेंद्र कुमार, रोजगार सेवक बृजेश कुमार, पंचायत सहायक स्वाती सैनी, प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार साहू, ग्राम विकास अधिकारी अखिलेश सोनी, वीडियो दिनेश चंद सरोज, सफाई कर्मी बाबूघन, रामचंद्र केसरवानी, टेनी यादव, राजाराम सोनी, तीरथ भारतीया, और ग्राम सभा के तमाम सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

### गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे से गूंज रहा भरवारी नगर



**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 20 केशव नगर पानी की टंकी में गणपति महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है बड़े उत्साह हर्षोल्लास से भक्त पूजन आरती अर्चना कीर्तन भजन प्रथम पूज्य श्री गणपति जी महाराज का तथा माता रिद्धि सिद्धि का कर रहे हैं सुबह से ही गणेश महोत्सव पंडाल में महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़ लग जाती है गणपति बप्पा मोरिया के नारों से गणेश पांडाल गूंज रहा है प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने गणपति पंडाल में विराजमान भगवान श्री गणेश की आरती विधि विधान से किया है इस मौके पर सीताराम पांडेय रवि कुमार संजू धीरज विनोद कुमार सोनी शिवम श्रीवास्तव हेमंत नायडू सहित तमाम महिला पुरुष बच्चे गणेश भक्त उपस्थित रहे।

### विद्यालय संस्थापक की मनाई गई तीसरी पुण्यतिथि





**हर्रायपुर कौशाम्बी।** एन डी कान्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर ,मूरतगंज में विद्यालय संस्थापक स्वर्गीय यादवेंद्र सिंह की तीसरी पुण्यतिथि धूमधाम से मनाया गया, उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार के द्वारा किया गया , इस मौके पर प्रबंधक मिथिलेश कुमार सिंह ने संस्थापक के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो के बारे में बताया तथा उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया इस मौके पर उप प्रधानाचार्य अनीता कुमारी, रामनरेश यादव , अनिल कुमार सेन, सुनील सिंह,आकांक्षा पाल ,दीपिका कुमारी ,ज्योति सिंह, शिवानी यादव, नंदिता पाल, जितेंद्र सिंह , आई बी सिंह ,अभिषेक साहू ,मुकेश कुशवाहा , मनीषा विश्वकर्मा ,आर एन सर, मुन्नी देवी आदि लोग मौजूद रहे।

### भारतीय इतिहास संकलन समिति की हुई बैठक




**कौशाम्बी।** इतिहास राष्ट्र का प्राण है। राष्ट्र के ज्ञान का वैभव,सत्यानवेषी चिंतन, गौरवशाली अतीत की संरचना आदि इस पर निर्भर करते हैं।सभ्यता और संस्कृति उसी के गर्भ में पलते हैं।यह वर्तमान का पोषण करता है और भविष्य के लिए मार्गदर्शन करता है। जब तक किसी राष्ट्र की पीढ़ियां अपनी इतिहास से जुड़ी रहती हैं, अपनी परंपरा, संस्कृति और विरासत पर गर्व कर उससे प्रेरणा ग्रहण करती हैं और उसके पोषण का कार्य करती हैं। राष्ट्र अहर्निंश प्रगति के पथ पर अग्रसर रहता है। उपर्युक्त विचारधारा से प्रेरित होकर राष्ट्र की लब्ध प्रतिष्ठित संस्था भारतीय इतिहास संकलन समिति कौशांबी इकाई की बैठक दिनांक 25 सितम्बर को जिला अध्यक्ष कौशलेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें शिक्षक एवं शिक्षार्थियों को उपयुक्त भाव एवं विचार से जोड़ने के लिए इतिहास ज्ञान प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर,महामंत्री सूर्यकुमार,सचिव रघुनाथ द्विवेदी, अभय कुमार अक्षय सिंह, आकाश सिंह देवेश शुक्ला सी उमेश बालेन्दू त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण की जाँच करने पहुंचे सीनियर मैनेजर




**कौशाम्बी।** मंझनपुर जिला अस्पताल में चल रहे 108 एवं 102 एम्बुलेंस कर्मचारियों का लगातार प्रशिक्षण जारी है। प्रशिक्षण के चौदहवें दिन लखनऊ से आए ई. एम. आर. आई. कंपनी के सीनियर क्वालिटी मैनेजर विपिन शुक्ला ने प्रशिक्षण के गुणवत्ता की जाँच की। जांच के दौरान ट्रेनिंग ले रहे कर्मचारियों को गरीबों एवं जरूरतमंदों को समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किये और गोल्डेन ऑवर में मरीजों की बेहतर देखभाल व जरूरत के मुताबिक हॉस्पिटल पहुंचने से पहले मरीज का प्राथमिक उपचार करने की सलाह दी। इसके बाद उन्होंने जिला अस्पताल के सी एम एस डॉ सुनील शुक्ला से भी मुलाकात की और कौशाम्बी जनपद में संचालित 102 एवं 108 एम्बुलेंस का फीडबैक लिया।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर किए गए याद



**कौशाम्बी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मक राष्ट्रवाद की सोच ही वह विचारधारा थी जो भारत राष्ट्र को मजबूत बनाने का संकल्प रखती है। इसी संकल्प के साथ उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नीति वही छोटा सा पौधा आज पुष्पित पल्लवित होकर मजबूत हुआ निर्भर भारत बनाने का काम कर रहा है भारतीय जनता पार्टी की निवर्तमान जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने सिराथू में आयोजित दीनदयाल उपाध्याय की 107 वी जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कही। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मक राष्ट्रवाद ही अकेली वह विचारधारा है जो भारत के मूल निवासियों को उनका अधिकार देने के लिए संघर्ष कर रही है इसी विचारधारा को अपने संकल्प में लेकर भारतीय जनता पार्टी देश के सर्वांगीण विकास लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की अगुवाई में काम कर रही है उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को इस विचारधारा को आत्मसात कर भारत देश को मजबूत करने का काम करना चाहिए इस मौके पर उन्होंने पार्टी कार्यकताओं का आवाहन करते हुए कहा कि पंडित जी के गांव तक ले जाना हम सब का परम कर्तव्य है इस मौके पर प्रमुख रूप से निशीद श्रीवास्तव, दीपू, बबलू श्रीवास्तव सियाराम गिहार, बबलू मिश्रा सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

## संपादक की कलम से

# निरंतर केसलर सिंड्रोम का घर बन रहा हमारा अंतरिक्ष

**विज्ञान और** प्रौद्योगिकी के इस आधुनिक युग में अंतरिक्ष कचरा एक बड़ी समस्या है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास के साथ ही अंतरिक्ष मलबे में लगातार वृद्धि देखी जा रही है क्यों कि अंतरिक्ष उधोग आज अत्यंत तेजी से बढ़ रहा है। आज विश्व का हरेक देश अंतरिक्ष के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानने का इच्छुक है और अंतरिक्ष की इसी होड़ ने अंतरिक्ष कचरे को भी जन्म दिया है। अंतरिक्ष कचरा आज एक बड़ी व गंभीर समस्या इसलिए है क्यों कि तैरता हुआ अंतरिक्ष मलबा परिचालन उपग्रहों हेतु संभावित खतरा है क्योंकि इन मलबों से टकराने से उपग्रह नष्ट हो सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि अंतरिक्ष में एकत्रित हो रहा कचरे का ढेर भविष्य में धरती पर रह रहे लोगों के साथ-साथ यहां सक्रिय तमाम उपग्रहों, अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष स्टेशन के लिए भी बेहद घातक साबित हो सकता है। इतना ही नहीं, इससे हमारी संचार व्यवस्था के भी प्रभावित होने का खतरा पैदा हो सकता है। अंतरिक्ष में तैरते कचरे से टकराने पर अंतरिक्ष यान और एक्टिव सैटेलाइट्स नष्ट हो सकते हैं। इसके साथ ही, धरती पर इंटरनेट, जीपीएस, टेलीविजन प्रसारण जैसी अनेक आवश्यक सेवाएं भी बाधित हो सकती हैं। वास्तव में, अंतरिक्ष कचरे के बहुत से खतरे हैं और इस पर अंकुश लगाने की पहल की जानी आवश्यक है, क्यों कि धरती के पर्यावरण की भांति ही आज अंतरिक्ष का पर्यावरण भी गड़बड़ाता चला जा रहा है। मतलब यह है कि अंतरिक्ष पर्यावरण पर अंतरिक्ष मलबे का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि केसलर सिंड्रोम अंतरिक्ष में वस्तुओं और मलबे की अत्यधिक मात्रा को संदर्भित करता है। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि कुछ समय पहले 111 पेलोड और 105 अंतरिक्ष मलबे को पृथ्वी की परिक्रमा करने वाली भारतीय वस्तुओं के रूप में पहचाना गया है। वास्तव में अंतरिक्ष मलबा अंतरिक्ष में ही परिक्रमा करता है और अंतरिक्ष में परिक्रमा कर रहा यह मलबा बाहरी अंतरिक्ष को तो प्रभावित कर ही सकता है, साथ ही साथ इससे भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के प्रभावित होने की संभावनाएं हैं। अब हमें यहां यह समझने की जरूरत है कि आखिर अन्तरिक्ष मलबा है क्या ? तो इस संबंध में जानकारी देना चाहूंगा कि अंतरिक्ष मलबा पृथ्वी की कक्षा में मानव निर्मित या मानव द्वारा बनाई गई विभिन्न वस्तुओं को संदर्भित करता है जो अब किसी उपयोगी उद्देश्य की पूर्ति नहीं करते हैं। अंतरिक्ष मलबे में प्रयोग किये गए रॉकेट, निष्क्रिय उपग्रह, अंतरिक्ष निकायों के टुकड़े और एंटी-सैटेलाइट सिस्टम (ए-सैट) से उत्पन्न मलबा शामिल होता है। एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में छपी एक खबर के अनुसार ही अंतरिक्ष में इस समय रूस के 7032, अमेरिका के 5216, चीन के 3854, फ्रांस के 520, जापान के 117 और भारत के 114 सैटेलाइट्स और रॉकेट्स हैं। ये एक से 10 सेमी के बराबर करीब 5 लाख से भी ज्यादा स्पेस जंक हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अनुसार करीब 8,400 टन कचरा अंतरिक्ष में है, जिसमें अधिकतर 18 हजार से लेकर 28 हजार माइल्स प्रति घंटे की रफ्तार से पृथ्वी की कक्षा में घूम रहे हैं। ?अगर एक भी ऑब्जेक्ट कहीं गिरा तो वहां भारी तबाही मचा सकता है। नासा के अनुसार अंतरिक्ष में इस समय 20 हजार से भी ज्यादा छोटे-बड़े उपकरण कचरा बन चुके हैं और पृथ्वी की निचली कक्षा में चक्कर लगा रहे हैं। नासा के अनुसार भारत के 206 टुकड़े हैं। इनमें 89 टुकड़े पेलोड और 117 टुकड़े रॉकेट के हैं। जबकि भारत से लगभग 20 गुना ज्यादा मलबा चीन का है, उसके लगभग 3,987 टुकड़े अंतरिक्ष में घूम रहे हैं।

ये आब्जेक्ट 0.11 सेमी से कई मीटर तक बड़े हो सकते हैं। यहां

# वसुंधरा राजे के सक्रिय होने से राजे के चाहने वालों के खिले चहरे !

**अशोक भाटिया**



**प्रधानमंत्री** मोदी की सभा से पहले एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सक्रिय नजर आ रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे 2 सितंबर से शुरू हुई भाजपा की परिवर्तन यात्राओं के शुभारंभ के मौके पर नजर आई थी। उसके बाद राजे पूरी परिवर्तन यात्रा से गायब रही। भाजपा की 4 परिवर्तन यात्राएं प्रदेश में करीब 18 से 19 दिन चली, लेकिन राजे एक भी दिन यात्रा में शामिल नहीं हुई, जबकि सभी नेताओ को एक-एक करके सभी यात्राओं में शामिल होना था।प्रधानमंत्री मोदी की रैली से पहले राजे का इस तरह के बयान के भी कई सियासी मायने हो सकते हैं। माना जा रहा था कि राजे लगातार चुनावों में अपनी भूमिका को स्पष्ट करवाना चाहती थी। लेकिन केन्द्र से उन्हें कोई जवाब नहीं मिल रहा था। अब अचानक प्रधानमंत्री मोदी की रैली से दो दिन पहले राजे फिर से सक्रिय नजर आ रही हैं।प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के दौरे की सारी व्यवस्थाएं महिलाओं के जिम्मे रखी गई है। शर्मा का दावा है कि देश में पहली बार ऐसा हो रहा है जब किसी प्रधानमंत्री की सभा की सारी व्यवस्थाएं महिलाएं संभालेगी। यह नारी सशक्तिकरण को लेकर एक बड़ी पहल है। सभा के दौरान पंडाल की बैठक व्यवस्था महिलाएं देखेंगी। साथ ही पार्किंग और सभा में आने वाले कार्यकताओं के लिए जल सेवा आदि कार्यों में महिलाएं हाजिर रहेंगी। बताया जाता है कि शनिवार को राजे ने रक्षासूत्र कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें प्रदेशभर से बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची। इसके बाद रविवार को राजे ने रामलीला मैदान में धर्म रक्षा समिति द्वारा आयोजित मातृशक्ति समागम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था आज हर तरफ महिलाओं के अपमान की खबरें सुनाई दे रही है। एक दिन में 20-20 महिला अत्याचार।कदम-कदम पर मातृशक्ति का अपमान। महिलाओं से दुष्कर्म के करीब 1400 प्रकरण लंबित। हालात इतने खराब कि इनसे निपटने के लिए अब मातृशक्ति को आगे आना होगा, क्योंकि संघर्ष के बिना महिलाएं समाज में परिवर्तन नहीं ला सकती हैं। आपकी सेवा करूंगी, आपके साथ रहूंगी। आपकी आवाज आपके साथ उठाने में कोई कमी नहीं रखूंगी। आपकी शक्ति, आपका साथ, आशीर्वाद बना हुआ है। यह इतना मजबूत है कि जो कोई भी तोड़ने की कोशिश करेगा, टूटेगा नहीं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से महाभारत में कृष्ण की अंगुली कट गई थी तब द्रौपदी ने साड़ी फाड़ कर कृष्ण की उंगली पर बांधी थी। कृष्ण ने भी कोरवों से द्रौपदी की रक्षा की। महिलाओं द्वारा रक्षा सूत्र बांधने के बाद राजे ने कहा कि अब वे भी कृष्ण की प्रेरणा से लोगों की सेवा करेंगी और हर राजस्थानी के हक के लिए लड़ती रहेंगी। महिलाओं द्वारा रक्षा सूत्र बांधे जाने पर वसुंधरा राजे ने कहा कि मातृशक्ति का यह रक्षा सूत्र उन्हें हर मुश्किल से हौसला देगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के जोश को देखकर लगता है कि नारी शक्ति का यह प्रवाह राजस्थान की महिला विरोधी कांग्रेस सरकार को बहाकर ले जाएगा। यूं तो यह रक्षा सूत्र एक कच्चा धागा है लेकिन उनके लिए यह बहुत की मजबूत और अटूट है। राजे ने कहा कि यह सूत्र उनके लिए सुरक्षा कवच है। इसमें राजस्थान की संपूर्ण महिलाओं की शक्ति है जो उन्हें हर मुश्किल पार करने का हौसला देगा। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। राजे ने कहा कि मोदी जी ने महिला आरक्षण बिल के माध्यम से यह स्पष्ट किया है कि मातृशक्ति की भागीदारी के बिना किसी भी राष्ट्र के नव निर्माण की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आरक्षण दिए जाने की मांग लम्बे समय से चल रही थी लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं की इस मांग को पूरा करके महिलाओं के सम्मान और उनके हक की रक्षा की है। गौरतलब है कि केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने रविवार शाम वसुंधरा राजे से मिलने उनके सरकारी आवास पर पहुंचे थे । गजेन्द्र सिंह शेखावत का इस तरह से राजे के आवास पर पहुंचना सियासी हलकों में चर्चा का विषय बन गया।राजे व गजेन्द्र सिंह एक दूसरे के धुर विरोधी माने जाते है, लेकिन जिस तरह से प्रधानमंत्री की रैली से एक दिन पहले केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह के वसुंधरा राजे से मिलने पहुंचने के सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।राजस्थान में दो महीने बाद विधानसभा चुनाव है लेकिन वसुंधरा राजे फिलहाल चुनाव प्रचार में एक्टिव नहीं हुई हैं। पार्टी की ओर से प्रदेशभर में परिवर्तन संकल्प यात्राएं निकाली गई लेकिन केन्द्रीय नेताओं के साथ यात्रा को हरी झंडी दिखाने के अलावा वसुंधरा राजे ने परिवर्तन यात्रा से दूरी बनाए रखी। भाजपा ने इस बार किसी भी नेता को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया है।

राजे को सीएम चेहरा घोषित नहीं किए जाने पर राजे और उनके समर्थक पार्टी से नाराज नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सभा से ठीक दो दिन पहले राजे के आवास पर हुए शक्ति प्रदर्शन ने भी सबको चौंका दिया है। सियासी गलियारों में यह चर्चाएं हैं कि राजे को नजरअंदाज करके पार्टी को महंगा पड़ सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी की सभा को यादगार बनाने के लिए प्रदेश पदाधिकारी पिछले कई दिनों से सक्रिय रहे । हर विधानसभा में प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक के पदाधिकारी गांव गांव घर घर घूम कर पीले चावल बांटकर लोगों को परिवर्तन संकल्प महासभा में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे थे । हर विधानसभा क्षेत्रों में लगातार बैठकें आयोजित की जा रही थी ताकि सभा में ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाई जा सके।वैसे पार्टी के नेताओं के मुताबिक प्रदेशभर से करीब 5 लाख कार्यकर्ता और आमजन प्रधानमंत्री मोदी की सभा में शामिल होंगे। वैसे अब तक ऐसा लग रहा था एक जमाने में राजस्थान की राजनीति में भाजपा का अहम चेहरा रहीं वसुंधरा को इस बार पार्टी में अपनी भूमिका तक स्पष्ट करवाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। ये हाल तब है जब अपने जन्मदिन की रैली, धार्मिक यात्रा और अन्य कार्यक्रमों के जरिए वह न केवल अपनी ताकत दिखा रही है बल्कि अपने बयानों से भी अपनी दावेदारी जता रही हैं।यह तथ्य भी सर्वविदित है कि सत्ता से बाहर होने और लंबे समय से आला नेताओं की बेरुखी का सामना करने के बावजूद वसुंधरा राजे काफी कद्दावर हैं। वो आज भी राज्य की 200 विधानसभा सीटों में से 60-70 सीटों पर चुनाव हराने का दम-खम रखती हैं। जाट, राजपूत और गुर्जर मतदाताओं पर अच्छी खासी पकड़ रखने वाली वसुंधरा राजे राज्य की महिला मतदाताओं में काफी लोकप्रिय हैं।

भाजपा को भी उनकी लोकप्रियता और राजनीतिक ताकत का बखूबी अंदाजा है। इसलिए उन्हें लगातार मैनेज करने का प्रयास भी किया जा रहा है। राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जे.पी. नड्डा के कार्यक्रमों में उन्हें मंच पर जगह दी जा रही है। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब दिल्ली में राजस्थान के सांसदों के साथ बैठक की थी तो उन्हें सांसद नहीं होने के बावजूद उस बैठक में आमंत्रित किया गया था। इसका दूसरा पहलू यह है कि वसुंधरा राजे की बार-बार मांग के बावूजद उनकी भूमिका को स्पष्ट नहीं करके पार्टी ने यह राजनीतिक संदेश तो दे ही दिया कि वरिष्ठता और लोकप्रियता का सम्मान है। लेकिन पार्टी कर्नाटक की तर्ज पर बदलाव का मन बना चुकी है। ज्यादातर सीटों पर पार्टी नए उम्मीदवारों को टिकट देगी। कई सांसदों को भी विधायकी में उतारने का मन बना लिया गया है और इसके लिए पार्टी कोई भी जोखिम लेने को तैयार है।हो सकता है इस सभा में प्रधानमंत्री कोई बड़ी घोषणा कर दे ।

# भारत का मॉडल महानगर बनता स्वच्छ इंदौर

**भूपेन्द्र भारतीय**

**2005 में** मैं पढ़ाई करने इंदौर गया तो उस समय इंदौर 2023 वाला स्वच्छ इंदौर नहीं था। साइकिल से जब मैं नगर में कहीं जाता तो देखता चारों ओर कचरा, गंदगी, वाहनों का प्रदूषण, सड़कों की व्यवस्था खस्ताहाल, अनियंत्रित वाहन व ट्राफिक से परेशान आम आदमी ही उस समय इंदौर की छवि रहती थी। लेकिन उसके पहले से यह नगर निरंतर अपने प्रगति के मार्ग में अग्रसर आता आ रहा था। 2005 के बाद भी यह नगर सभी क्षेत्रों में निरंतर प्रगति करता गया। मध्य भारत का शिक्षा केन्द्र होने के साथ यह नगर आर्थिक व सामाजिक प्रगति भी करता गया। लेकिन सबसे बड़ी प्रगति व गौरव इंदौर नगर के साथ जुड़ गया, वह है स्वच्छ में नंबर वन इंदौर महानगर। पूरे भारत में लगातार छः बार स्वच्छता में पहला स्थान प्राप्त करना एक कीर्तिमान के साथ ही इंदौर नगर के नागरिकों व प्रशासन के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार व गौरव है। इंदौर ने ना सिर्फ पूरे देश बल्कि दुनिया को भी बता दिया कि आम आदमी चाहे तो कुछ भी कर सकता है। इंदौर के नागरिकों व नगरनिगम के कर्मचारियों का यह समर्पण ही है कि आज इंदौर पूरे भारत में स्वच्छता का मॉडल महानगर बन गया है। मालवा का एक बेहद देशी नगर रहा इंदौर अपनी विशेष मालवी बोली, खानपान, पत्रकारिता, क्रिकेट प्रेम, मिलों व रंगारंग सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध रहा है। एक जमाने में कपड़ा उद्योग व मिलों के लिए भारत का केंद्र रहा इंदौर आज मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी भी है, लेकिन वर्तमान में पूरे भारत में इसकी चर्चा इसके स्वच्छता अभियान व जुनून को लेकर रहती है। वह भले रंगपंचमी पर मालवा की सबसे बड़ी रंगों से भरी गैर हो व शाम तक देखो तो इंदौर की सड़कें फिर चकाचक। हर त्यौहार को इंदौरवासी धूमधाम से मनाते हैं लेकिन वर्तमान में अगले ही दिन नगर स्वच्छ रहता है। इसके पीछे जागरूक नागरिक व सबसे ईमानदार इंदौर नगरनिगम के कर्मचारी जो सुबह तीन-चार बजे से नगर की सफाई में लग जाते है। कचरे का प्रबंधन इस तरह होता है कि गिला व सूखा कचरा अलग अलग करने के लिए कचरा गाड़ियां पूरे नगर में चलाई गई व यह तकनीक धीरे धीरे पूरे प्रदेश के साथ अब देश में भी अपनाई जा रही है। आधुनिक तकनीक से अपशिष्ट पदार्थों का प्रबंधन किया जाता है। इंदौर नगर को यह कीर्तिमान व गौरव इतनी आसानी से नहीं मिला है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण है इंदौर के नागरिकों व प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों की सहभागिता। इस तरह के कठिन कार्य के लिए जागरूकता व जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। 2014 में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के स्वच्छ भारत अभियान के प्रति इंदौर नगर ने सबसे ज्यादा रुचि व समर्पण दिखाया व आज उसके परिणाम पूरी दुनिया के सामने है। वर्तमान में जिस गति से हमारे नगरीय क्षेत्र जनसंख्या दबाव व गंदगी के कारण दमघोंटू होते जा रहे हैं, ऐसे समय में इंदौर नगर का आदर्श उदाहरण सुखद व प्रेरणादायक है। यही कारण है कि अब स्वच्छ इंदौर की इस अभूतपूर्व उपलब्धि का अध्ययन करने के लिए देश-दुनिया से संस्थाएं व शोधार्थी आ रहे हैं। इंदौर स्वच्छता के मामले में भारत का मॉडल महानगर बनता जा रहा है। और कोई बड़ी बात नहीं है कि इंदौर यह उपलब्धि सातवीं बार भी दोहरा सकता है। वर्तमान का स्वच्छ इंदौर पूरे भारत के नगरों का आदर्श नगर बनने की ओर निरंतर अग्रसर हो रहा है। करीब तीस लाख से ज्यादा की जनसंख्या वाला यह नगर अपनी विशिष्ट पत्रकारिता के लिए भी पूरे देश में जाना जाता रहा है। वहीं माँ अहिल्या का यह नगर मालवा की संस्कृति व सामाजिक सौहार्द का केन्द्रीय नगर बन गया है।

अपने स्वच्छता अभियान के लिए अब इंदौर देश के अन्य नगरों के नागरिकों का भी यह पसंदीदा नगर बनता जा रहा है। उच्च शिक्षा, व्यवसाय, आर्थिक विकास, प्रौद्योगिकी व अपनी निराली खानपान वाली जीवनशैली के लिए भी इंदौर नगर देशभर में चर्चा में रहता है।

दिनोदिन इंदौर महानगर बनने के साथ अपने नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए वह नवीन प्रयोग भी करता रहता है। साइकिल रैली, मैराथन दौड़ जैसे आयोजन पर प्रशासन व स्वयं सहायता समूहों के आान पर नगर के नागरिक इंदौर की स्वच्छता व इसके विकास के लिए एकजुट होकर इन आयोजनों में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं व इंदौर की सुंदरता के लिए निरंतर आगे रहते है। पीछले सप्ताह ही ?अंतरराष्ट्रीय नो कार दिवस पर इंदौर के नागरिकों ,अधिकांश प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रोफेशनल लोगों ने भी कार का उपयोग नहीं किया व अपने अपने कार्यकाल साइकिल, सार्वजनिक यातायात या फिर दो पहिया वाहन से कार्यालय पहुंचे। जो कि शुद्ध वायु व नगर को प्रदूषण से मुक्त करने का इंदौर नगरवासियों की ओर से एक ओर महत्वपूर्ण पहल रही। जिसकी चर्चा पूरे देश व सोशल मीडिया पर चर्चा में रही। देश के नगरों को कैसे स्मार्ट, आधुनिक व स्वच्छ बनाया जा सकता है। यह देश के अन्य नगर व उनके जिम्मेदार अधिकारी व नागरिक स्वच्छ इंदौर मॉडल से सीख सकते हैं। इस जनअभियान व जनभागीदारी के आदर्श उदाहरण को पूरे देश के महानगरों, नगरों व गाँवों में अपनाया जाना चाहिए व हमें इंदौर से सीखना चाहिए कि हम अपने नगर व गाँव को कैसे स्वच्छ बना सकते हैं। यदि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता व अधिकारियों में अपने कर्तव्य पालन की प्रबल इच्छा हो तो किसी भी क्षेत्र व नगर को जल्द ही सुंदर व स्वच्छ आदर्श नगर-गाँव बनाया जा सकता है। इंदौर के नागरिक व अधिकारी यह कार्य पीछले छः वर्ष से निरंतर कर रहे हैं।

# सनातन के विरोध की सच्चाई

**वीरेंद्र सिंह परिहार**

**सनातन अ**थवा हिंदू धर्म के विरोध का सिलसिला एक प्रयोग है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे एवं राज्य सरकार के मंत्री उदय निधि के बाद डीएमके के ए राजा और प्रियंक खड़गे के बाद बिहार राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष जगतानंद सिंह भी इस मैदान में कूद चुके हैं। कार्ति चिदंबरम, मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और मंत्री जी. परमेश्वर टीका टिप्पणी से पीछे नहीं रहे। इन सब का उद्देश्य तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री पोनगुडी ने व्यक्त कर दिया की विपक्ष के गठबंधन बनाने का मकसद ही सनातन का विरोध करना है। यह निर्विवाद सच्चाई है कि हिंदू धर्म शास्त्रों में ऐसी कोई सूची नहीं है, जिसमें ऐसा कहा गया हो कि फला फला जातियां अछूत हैं। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा है कि वेदों में छुआछूत का कोई उल्लेख नहीं है। हिंदू धर्म शास्त्रों में वर्ण व्यवस्था का जरूर उल्लेख है लेकिन वर्ण भेद का नहीं। हिंदू शास्त्रों में जो शूद्र शब्द का उल्लेख है इसका अर्थ शिल्पी या कुशल कलाकार होता है। इन्हीं परंपरागत व्यवसाय वालों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने जन्मदिन और विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष में दिल्ली में मिले। उनकी समस्या जानी। इस अवसर पर 300000 रुपये तक का गारंटी का लोन देने का ऐलान किया। निश्चित रूप से इससे उनके और उनके परिवार के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा।

सच्चे अर्थों में प्राचीन जाति व्यवस्था की तुलना आधुनिक आर्थिक गिल्डो से की जा सकती है। आज के दौर में सनातन का प्रतिनिधित्व करने वाली विश्व हिंदू परिषद 1969 के उडुपी सम्मेलन में यह घोषित कर चुकी हैझहिंदवासोदराः सर्वेह्ययानी सभी हिंदू भाई-भाई हैं। निसंदेह उदय निधि जैसे लोग जब सनातन का विरोध करते हैं तो इसमें उसी धारा का प्रवाह होता है जो डीएमके का मुख्य उद्देश्य रहा है- सनातन और हिंदू धर्म को गाली देकर सत्ता में बने रहने की राजनीति? इसके पहले रामा स्वामी पेरियार के कारनामों से देशवासी परिचित होंगे, जिन्होंने आर्य बनाम द्रविड़ की थ्योरी विकसित करते हुए अलग द्रविड़स्तान की मांग की थी। बीते कई सालों से यह मुद्दा ठंडा पड़ा हुआ था। यद्यपि इस दौर में भी जाति और संप्रदाय की राजनीति करने वालों की कमी नहीं रही लेकिन बड़ा सवाल टाइमिंग का है। गौर करने की बात यह है कि आखिर इसी समय सनातन का मुद्दा क्यों उठाया गया। जबकि कभी विवेकानंद ने इसी सनातन की पताका पूरे विश्व में फहराई थी। गांधी जी भी अपने को सनातनी और हिंदू कहने में गर्व महसूस करते थे। महान इतिहासकार अर्नाल्ड टायनबी ने लिखा है-हिंदू धर्म जियो और जीने दो का धर्म है।

# पर्यटन ही है शांति एवं जीवन मुस्कान का जरिया

**ललित गर्ग**

**विश्व पर्यटन दिवस** हर साल 27 सितंबर को मनाया जाता है। वर्ष- 2023 की विश्व पर्यटन दिवस की थीम पर्यटन और हरित निवेश है। हर साल यूनाइटेठ नेशन वर्ल्ड टूरिज्म ओरगेनाइजेशन द्वारा किसी एक देश को पर्यटन दिवस की मेजबानी के लिए चुना जाता है, 2023 में रियाद, सऊदी अरब साम्राज्य इस महत्वपूर्ण दिन के कार्यक्रमों की मेजबानी कर रहा है। पिछली साल 2022 में बाली, इंडोनेशिया को मेजबान देश (होस्टिंग कंट्री) चुना गया था। आज विश्वस्तर पर युद्ध की स्थितियां गहराई हुई है, हर व्यक्ति महंगाई, बेरोजागारी, बीमारी, महामारी आदि किसी-ना-किसी परेशानी से घिरा हुआ है, भय और जीवनसंकट के इस दौर में ऐसा लगता है मानो खुशी एवं मुस्कान तो कहीं गुम हो गई है। बावजूद इन सबके हर व्यक्ति को अपने जीवन में कुछ समय ऐसा जरूर निकालना चाहिए जिसमें खुशी, शांति एवं प्रसन्नता के पल जीवंत हो सके, इसका सशक्त माध्यम है पर्यटन। खुशियों एवं शांतिपूर्ण जीवन को गले लगाने के लिये पर्यटन पर जरूर निकलना चाहिए।

पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को वापस लाने में ही मदद नहीं करेगा बल्कि यह किसी भी देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी बनेगा। अनेक कारणों से दुनिया में आर्थिक संकट के बादल मंडरा रहे हैं, इन हालातों हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है उसमें पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। क्योंकि कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। यूरोपीय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और भारत आदि ऐसे देश हैं जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। भारत ने अतीत में अपने कल्पित धन, सांस्कृतिक वैभव, प्रकृति एवं मनोरम छटाओं के कारण बहुत से विदेशी यात्रियों को आकर्षित किया। चीनी बौद्ध धर्मनिष्ठ ह्वेनसांग की यात्रा इसका एक उदाहरण है। तीर्थ यात्रा को सम्राट अशोक और सम्राट हर्ष ने बल देने के लिये अनेक निर्माण करवाये। भारतीय अर्थशास्त्र सरकारों के लिये पर्यटन क्षेत्र के बुनियादी ढाँचे के महत्त्व को इंगित करता है, जिसने अतीत में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के पश्चात पर्यटन क्षेत्र लगातार पंचवर्षीय योजनाओं का हिस्सा बना रहा है। सातवीं पंचवर्षीय योजना के बाद भारत में पर्यटन के विभिन्न रूप जैसे- व्यापार पर्यटन, स्वास्थ्य पर्यटन और वन्यजीव पर्यटन आदि प्रस्तुत किये गए। वर्ष 2021 में विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद की रिपोर्ट में 178.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर के योगदान के साथ भारत का पर्यटन क्षेत्र विश्व सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) में अपने योगदान में छठे स्थान पर है।

भारत एक विविधतापूर्ण पर्यटन संभावनाओं एवं समृद्धि वाला देश है और यह सांस्कृतिक, प्रकृति, विरासत, शैक्षिक, खेल, ग्रामीण, पर्यावरण-पर्यटन आदि सहित कई प्रकार के पर्यटन प्रदान करता है। भारत की यह विविधता इसे पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनाती है। भारत में पर्यटन में तेज, अधिक टिकाऊ और अधिक समावेशी विकास को बढ़ावा देने की क्षमता है। विश्व पर्यटन दिवस के लिए 27 सितंबर का दिन चुना गया क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व पर्यटन संगठन का संविधान स्वीकार किया गया था। पर्यटन दिवस को वैश्विक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास हेतु मील के पत्थर के रूप में देखा जाता है एवं इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में इस बात को प्रसारित तथा जागरूकता फैलाने के लिए हैं कि किस प्रकार पर्यटन वैश्विक रूप से दुनिया को एक परिवार के रूप में विकसित करते हुए सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा आर्थिक मूल्यों को तथा आपसी समझ बढ़ाने में सहायता कर सकता है। यह विश्व शांति का मुख्य आधार है। भारत जैसे देशों के लिए पर्यटन का खास महत्व है। देश की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। आज भारत जैसे देशों को देखकर ही विश्व के लगभग सभी देशों में पुरानी और ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण, संवर्द्धन किया जाने लगा है।

भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं।

भारत में अपने लोगों के साथ लाखों विदेशी लोग प्रतिवर्ष भारत घूमने आते हैं। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री-तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते-घूमते महीना बीत जाते हैं।

भारत अपनी सुंदरता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। भारत में विभिन्न संप्रदाय-धर्म और जाति के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक धरोहर के कारण भारत दुनिया के प्रमुख पर्यटन देशों में शुमार होता है। यहां के हर राज्य की अलौकिक और विलक्षण विशिष्टताएं हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। उन पर्यटकों के लिए भारत-यात्रा का विशेष आकर्षण है जो शांत, जादुई, सौंदर्य और रोमांच की तलाश में रहते हैं। इन पर्यटकों के लिये भारत में विपुल यात्रा साहित्य अपनी एक विशेष पहचान और उपयोगिता को लेकर प्रस्तुत होता रहा है। अब तक यात्रा साहित्य की दृष्टि से राहुल सांकृत्यायन का मेरी तिब्बत यात्रा, डॉ. भगवतीशरण उपाध्याय का सागर की लहरों पर, कपूरचंद कुलिश का मैं देखता चला गया, धर्मवीर भारती का ढेले पर हिमालय तथा नेहरू का आंखों देखा रूस, रामेश्वर टांटिया का विश्व यात्रा के संस्मरण, आचार्य तुलसी का यात्रा साहित्य की ही भांति मेरे मित्र श्री पुखराज सेठिया का आओ घूमे अपना देश एक मार्मिक और रोचक यात्रा-वृतांत है।

इन यात्रा ग्रंथों में तथ्यपरकता, भौगोलिकता, रोचकता, सरसता और सहजता आदि यात्रा-वृत्त के सभी गुण समाहित हैं।

# 1 अक्टूबर को दिल्ली में अन्तर्जनपदीय शिक्षक करेंगे रैली

**चित्रकूट:** अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संगठन के विस्तार एवं पदाधिकारी के मनोनयन के साथ सरस्वती इंटर कॉलेज अतर्रा में हुई। जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तार के बाद अटेवा द्वारा चलाए जा रहे एनएमओपीएस आंदोलन के अंतर्गत 1 अक्टूबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली विशाल रैली का समर्थन किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पांडेय ने अध्यक्षता करते हुए सभी शिक्षक साथियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि इस महारैली में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अपने बुढ़ापे के सहारे पुरानी पेंशन के लिए दिल्ली अवश्य पहुंचे। जिससे सरकार पर दबाव बनाया जा सके। प्रदेश महामंत्री संजीव कुमार यादव इटावा, अखिलेश मिश्रा झांसी को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया और बांदा जिलाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार दीक्षित को मनोनीत किया गया। साथ ही प्रदेश पदाधिकारियों को विभिन्न मंडलों का प्रभारी बनाया गया। जिससे संगठन को नए सिरे से विस्तार किया जा सके। प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष पांडेय ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी कर्मचारियों को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना होगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम तूफानी ने कहा कि जब तक हमारी मांग सरकार नहीं मान लेती तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। प्रदेश महामंत्री संजीव यादव ने कहा कि हमारा संगठन हमेशा से शिक्षक हितों में संघर्ष कर रहा है। पूरे प्रदेश वरिष्ठता बहाली को लेकर कई वर्षों से संघर्ष कर रहा है। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। पुरानी पेंशन के लिए सभी शिक्षक कर्मचारी 1 अक्टूबर को दिल्ली पहुंचकर रैली को सफल बनाएं।

इस मौके पर सुनील द्विवेदी, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, हीरा त्रिपाठी, किशोर बाजपेई, मतगंजन प्रसाद पांडेय, मनोज पांडेय, नवनीत निगम, मनोज सोनी, जिलाध्यक्ष चित्रकूट प्रभाकर शुक्ला, देवेंद्र श्रीवास्तव, चुन्नीलाल, सुंदरलाल, बृजमोहन, मोतीलाल सिंह, बुद्ध विलास पांडेय, महेंद्र सिंह पटेल, जिला संयोजक पेंशन मंच ज्योति नारायण सिंह, शैलेंद्र सिंह, आशीष, संदीप, अखिलेश कुमार, रविकांत गर्ग आदि मौजूद रहे।

## मनाया गया विश्व फामेर्सी दिवस

**चित्रकूट:** विश्व फामेर्सी दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सीतापुर में फामेर्सी दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी, सेवानिवृत्ति चीफ फार्मासिस्ट जागेश्वर प्रसाद सिंह भी उपस्थिति रहे।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि फार्मासिस्ट भाई हमारे चिकित्सा जगत की रीड की हड्डी है। उन्होंने कहा कि पीएससी, सीएससी, जिला चिकित्सालय में चिकित्सा सेवाओं का संचालन बिना फार्मासिस्ट की मौजूदगी के सम्भव नहीं है। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र पांडेय ने किया।

इस मौके पर कमल सिंह, जिला सचिव फूल सिंह, संयुक्त सचिव बैजनाथ सिंह, जिला कोषाध्यक्ष राम अग्रवाल, प्रेम सिंह, अनिल सिंह, दिलीप, अवधेश, रामचंद्र, बलराज, देवेंद्र, इंद्राज यादव, श्याम अंकुल व राघव आदि मौजूद रहे।

## पुलिस टीमों ने बैंक एवं वित्तीय संस्थानों में की चेकिंग

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के बैंक, वित्तीय संस्थानों की जांच की गयी। जांच के दौरान बैंक सुरक्षा रजिस्टर को चेक किया गया एवं डियूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्कतापूर्वक डियूटी करने के लिए कहा गया। बैंक में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया गया कि सही प्रकार से कार्य कर रहे है या नही। साथ ही शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता की गयी। परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को परिसर से बाहर करने के निर्देश दिये गये।

## जल्द ही सीईटीपी से जुड़ेंगी सभी आद्योगिक इकाइयां, जल प्रदूषण की समस्या से मिलेगी निजात

**जयपुर। राज्य** में आम जनता को प्रदूषण मुक्त वातावरण मिल सके एवं उद्योगों में सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज को बढ़ावा देकर सुगम संचालन की राह को आसान किया जा सके, इस दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के भिवाड़ी क्षेत्रीय मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि भिवाड़ी न केवल राज्य के लिए बल्कि सम्पूर्ण देश में एक महत्वपूर्ण आद्योगिक नगरी है। यहाँ लम्बे समय से जल प्रदूषण की समस्या सामने आ रही थी जिसको मध्यनजर रखते हुए राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा गंभीरता से लिया जाकर प्रयास किये जा रहे है।

अमित ने बताया कि वर्तमान सीईटीपी (कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) को अपग्रेड किया जा रहा है। जिसके तहत सीईटीपी को 06 एम एल डी क्षमता के जेडएलडी में रूपांतरित किया जायेगा। इस प्लांट में औद्योगिक इकाइयों के निकलने वाला खराब पानी को शोधित कर वापस औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचा कर पुनरुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्य के लिए भिवाड़ीआद्योगिक क्षेत्र में 60 किलोमीटर की लाइन गंदे पानी को लाने तथा 100 किलोमीटर की लाइन उपचारित पानी को पुनः सप्लाई हेतु बिछायी गयी है। इसमें पूर्व में 220 इकाइयां जुडी हुई थी वही अब मंडल एवं प्रशासन के संयुक्त एवं सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप लगभग कुल 500 इकाइयां जुड़ चुकी है साथ शेष इकाइयों को जोड़ने का कार्य एवं निगरानी सतत रूप से की जा रही है। वहीं शेष संचालित औद्योगिक इकाइयों को जोड़ा जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीईटीपी लाइन से जुड़ने के लिए औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहित करने का काम भी वृहद स्तर पर पर किया जा रहा है वहीं उक्त कार्य के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा 16 निगरानी दलों का निर्धारण किया गया है। अब सीईटीपी के जरिये अपशिष्ट उपचार लागत कम होगी साथ ही बेहतर सामूहिक अपशिष्ट उपचार प्रदान करने और एमएसएमई औद्योगिक ईकाइयों के लिए लागत को कम करने में भी मदद मिलेगी। वही ऐसी इकाइयां जो व्यक्तिगत उपचार संयंत्रों की स्थापना एवं संचालन का खर्च वहन नहीं कर सकती उन्हें भी अपशिष्ट उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

इसी के साथ शहरी सीवेज लाइन तथा उपचार संयंत्रों के रखरखाव तथा संचालन को भी सुधारा गया है वही राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा नगर परिषद् एवं बीडा को एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) की कार्यप्रणाली में सुधार करने एवं सीवर लाइन में रुकावटों को सुपर सकर मशीन द्वारा साफ करने के लिए निर्देशित किया गया था। वर्तमान में 4 एमएलडी का एसटीपी प्लांट बीडा के द्वारा एवं 9.5 एमएलडी के एसटीपी प्लांट नगर निगम भिवाड़ी द्वारा सुचारु रूप से संचालित किये जा रहे है। इसी के साथ बीडा द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में अधिक एसटीपी स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है ताकि आवासीय क्षेत्र से उत्पन्न घरेलू अपशिष्ट जल और खुले नालों में न जाये।

अमृत-क्क्रप्रोजेक्ट के अंतर्गत नगर परिषद् द्वारा शहर में अतिरिक्त सीवर लाइन बिछाने तथा 32 एम एल डी क्षमता का नया उपचार संयंत्र की योजना भी अनुमोदित करवाई गई है एवं इसका कार्य शीघ्र शुरू किया जावेगा। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अनुसार बीड़ा (भिवाड़ी इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट अथॉरिटी) एवं स्थानीय प्रशासन के साथ संयक्त प्रयास के जरिए घरेलु एवं बारिश के जलभराव की समस्या से भी भिवाड़ी को शीघ्र ही मुक्त किया जायेगा। जिसके लिए कार्य योजना तैयार की जा चुकी है। उल्लेखनीय है भिवाड़ी राज्य का एक वृहद एवं महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र है एवं राज्य की अर्थव्यवस्था में भी भिवाड़ी का महत्वपूर्ण योगदान है।

## जनता में अपनी गिरती साख को बचाने के लिए भाजपा नेता कर रहे नौटंकी: कौशल

**हमीरपुर। प्रदेश** भाजपा द्वारा विधानसभा का घेराव करने का कार्यक्रम बीजेपी में व्याप्त पैनिक का परिणाम है, जिसमें जनहित नहीं अपितु भाजपा को बचाने की रणनीति है। यह बात प्रदेश कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने यहां जारी प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में भाजपा हिमाचल की राजनीति में पूरी तरह से अप्रासंगिक हो चुकी है और बाढ़ की त्रासदी के दौरान भाजपा नेताओं की राजनीतिक लालसा ने उन्हें जनता की नजरों में पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। अपने बयानों तथा आचरण के चलते नेता प्रतिपक्ष सहित पूरी भाजपा बैकफुट पर चली गई है, जिसकी भरपाई करने के मकसद से बीजेपी ने विधानसभा का घेराव करने का ड्रामा रचा है। कौशल ने कहा कि जय राम अपने पांच वर्ष के शासन काल में जिन वर्गों का शोषण और उत्पीड़न करते रहे, नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हीं के प्रति नकली हमदर्दी दिखा कर उनके नायक बनने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने जय राम से पूछा कि अपने शासन में आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्या का हल क्यों नहीं किया, कोरोना काल में जिन युवाओं की सेवाएं ली, उनकी भर्ती एक स्पेसिफिक टास्क के लिए क्यों की गई और करुणामूलक आधार पर नौकरी मांग रहे बेरोजगारों के साथ उन्होंने न्याय क्यों नहीं किया। कौशल ने कहा कि जनता में अपनी गिरती साख को बचाने के लिए भाजपा नेता नौटंकी कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस की सरकार जनता और जरूरतमंद लोगों के प्रति समर्पण की भावना से कार्य कर रही है और कोविड काल में आउटसोर्स के माध्यम से लगाए गए कर्मियों सहित समाज के हर वर्ग के कल्याण एवं उत्थान के प्रति वचनबद्ध है।

# भाजपा ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**चित्रकूट:** भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सर्किट हाउस सभागार में संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया। साथ ही जनपद के 124 शक्तिकेन्द्रों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पुष्पांजली कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हुआ।



जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने कहा कि पं दीनदयाल ने सभी वर्गों, जातियों को विकसित करने के लिए अन्त्योदय का चिंतन दिया। उज्जवला, जनधन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान, पीएम आवास योजनाओं से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के जीवन में आया परिवर्तन पं दीनदयाल को भाजपा के डबल इंजन सरकारों की सच्ची श्रद्धांजली है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों, पिछड़ों, किसानो, की समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करेंगी।

पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का चिंतन पं दीनदयाल ने अपने विचारों में किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि अभावों में जीकर पंडित दीनदयाल ने राष्ट्र व समाज का ही चिंतन किया। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने कहा कि पं दीनदयाल का विचार सदैव हमें प्रेरणा देता रहेगा। पुरवा तरौंहा शक्तिकेन्द्र में आयोजित पुष्पांजली कार्यक्रम जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि पं दीनदयाल ने भारत को प्रथम स्वदेशी राजनीतिक विचार दिया। भाजपा ने अन्त्योदय से राष्ट्रोदय की प्रक्रिया से पं दीनदयाल को संकल्पांजली अर्पित की है।

इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनंद त्रिपाठी, पहाडी ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी, मानिकपुर अरविन्द मिश्रा, नगर पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, श्रम प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह संयोजक तीरथ तिवारी, ब्रजेश पाण्डेय, महेन्द्र कोटार्य, राजेश जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, अश्विनी अवस्थी, प्रेमलाल बाल्मिकी, राजेश्वरी द्विवेदी, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, अर्पित जयसवाल, दिव्या त्रिपाठी, हीरो मिश्रा, विनीता द्विवेदी, सरस्वती सोनी, रिजवाना परवीन, सुरेश अनुरागी, संजय पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, रवि गुप्ता, शैलेन्द्र सोनी, आदित्य सुखेन्द्र, श्रवण तिवारी, सुमित मिश्रा, आभेष मिश्रा, रामसागर चतुवेर्दी, विनीत पयासी, बृजेन्द्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## चिंतन शिविर के जरिए पात्रों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने पर दिया जोर

**चित्रकूट:** नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा चयनित आकांक्षात्मक विकासखंड रामनगर के ब्लॉक डेवलपमेंट बनाने के लिए चिन्तन शिविर का आयोजन ब्लाक रामनगर में सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, को ऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख रामनगर गंगाधर मिश्र की उपस्थिति में विकासखंड रामनगर में सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण कर आयोजन प्रारंभ किया गया।




सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जो सर्वांगीण विकास की रूपरेखा लाल किले से बनाई गई, उसमें उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास जब तक देश की हर व्यक्ति को मुख्य धारा में नहीं जोड़ दिया जाएगा तब तक नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में नीति आयोग द्वारा बनाया गया व बनाकर उन जिलों को लिया गया जो पिछड़े थे। जिसमें जनपद के रामनगर का विभिन्न विभागों द्वारा कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक को विकसित करने के लिए जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी की टीम द्वारा कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मंडल के बांदा के दो व चित्रकूट के एक विकासखंड को लिया है। इसमें पांच विभाग द्वारा कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने शिक्षा पर प्रस्ताव भी रखे।

उन्होंने कहा कि हर न्याय पंचायत में एक हाई स्कूल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी न्याय पंचायत छुटे है, उसमें उसे चिन्हित कर कार्य योजना बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भव योजना द्वारा आशा, एएनएम व प्रधान सक्रिय होकर जिनका नहीं बना है, उसको सूचित करें। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक रखेंगे, जो भारत सरकार की योजनाएं बताएंगे। उन्होंने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा जो मानक छूट रहा है, उसको हम लोग संज्ञान में लेकर कार्य करें तभी विकास हो सकता है।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि नीति आयोग द्वारा चयनित विकासखंड रामनगर को आकांक्षात्मक ब्लॉक में चुना गया है। उन्होंने कहा की आकांक्षी विकासखंड पर अधिकारी स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सामाजिक व मूलभूत सुविधाएं पर सुधार किए जाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा इसके लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही हम कार्य करेंगे तो विकास कर सकेंगे।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि शक्ति सिंह, खंड विकास अधिकारी मऊ दिनेश मिश्रा, खंड विकास अधिकारी रामनगर शैलेंद्र कुमार, जिला पंचायत सदस्य अर्जुन शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह, पीरामल फाउंडेशन से विमल कुमार आदि मौजूद रहे।

---------------------

## म.न.पा सूरत ओर युनिवर्सल फाउन्डेशन द्वारा वराछा में सफाई अभियान चलाया गया

**सूरत: सूरत जिले** में विश्व नदी दिवस के तहत गुजरात या देश में पहली बार मोटा वराछा स्थित चिकुवाडी तापी ब्रिज पर सभी प्रोटोकॉल व नियमों के साथ किसी नदी ब्रिज पर सफाई अभियान चलाया गया इस अभियान में मोटावरछा से यूनिवर्सल फाउंडेशन की टीम और सूरत नगर निगम के सरथाणा ए सहित विभिन्न जोन की टीम द्वारा सफाई अभियान चलाया गया.जिसमें वराछा जोन बी की टीम और यूनिवर्सल फाउंडेशन की टीम के साथ ही सरथाणा स्वास्थ्य विभाग की मोटावराछा टीम के एस.आई. डीबी भट्ट, के मार्गदर्शन मे एसएसआईडीएन सोलंकी और धर्मेंद्रसिंह गोल के मार्गदर्शन में, मोटावराछा फायर टीम तथा मुकादम मीनाक्षी सोलंकी और उप अग्निशमन अधिकारी राज और उनके साथ सफाईकर्मियों और स्वयंसेवकों मुलजी परसाडिया मोटावराछा और पार्थ धनानी की एक टीम एक बहुत ही जोखीम वाली जगह पर खड़ी थी। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर सुरक्षा उपकरणों का पूरा उपयोग करते हुए सफाई अभियान चलाया। इसके साथ ही जनहित में काम करने वाले राष्ट्रपति एवोर्डी एवं यूनिवर्सल फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार वेकरीया ने भी इस सफाई अभियान में अहम भूमिका निभाई.

साथ ही तापी नदी में भगवान की मूर्तियां और पुरानी प्रतिकृतियां न फेंकने की अपील की ताकि तापी नदी गंदी न हो, साथ ही सनातन धर्म के सभी संप्रदायों के महंतों से नदी दिवस के अवसर पर एकजुट होकर संवच्छता की अपील की. तापी समेत सभी नदियों को बचाया और उसके समेत उसे साफ रखा जाए नदी शुध्धीकरण अभियान का मुख्य उद्देश्य अंधविश्वास के नाम पर कूड़ा-कचरा फेंकने वालों को रोकना है, और आने वाले समय में लोगों को स्वच्छ जल मिल सके और वे पर्यावरण एवं पर्यावरण शुद्धिकरण के माध्यम से स्वस्थ जीवन जी सकें ओर स्वच्छ भारत मिशन का गर्व ले सके।

# धूमधाम से निकाली गयी भगवान श्रीकृष्ण की विशाल शोभायात्रा

**चित्रकूट:** भगवान श्रीकृष्ण की विशाल शोभा यात्रा और जल विहार उत्सव के परम्परागत कार्यक्रम के तहत सोमवार को श्रीकृष्ण भक्त मण्डल के तत्वाधान में जिला मुख्यालय में विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी। साथ ही शाम को एक नौका में जल विहार कराया गया।



शोभा यात्रा की अगुवाई कर रहे प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित नारायण दत्त त्रिपाठी ने बताया कि वह आठ वर्ष की आयु से यह कार्यक्रम करा रहे हैं। समय के साथ धीरे-धीरे यह आयोजन विस्तार रूप लेता जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में भगवान और गाय के प्रति श्रद्धाभाव रखने वालों में ही मानवता और मनुष्यता होती है। समाज के कल्याण की कामना को लेकर प्रत्येक वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन किया जात है। जिसके तहत शोभा यात्रा के बाद रामघाट में जल विहार कार्यक्रम का आयोजन होता है। जिसमें एक नौका में भगवान को जल विहार कराया जाता है और शेष नौकाओं में श्रद्धालु मौजूद रहते हैं। उन्होंने बताया कि इसके बाद 26 सितम्बर मंगलवार को भगवान का तुलादान कार्यक्रम किया जाएगा। तुलादान की सामग्री श्रद्धालुओं के बीच वितरित कर दी जाती है और इसके बाद 27 सितम्बर को भगवान का 56 भोग एवं भण्डारा प्रसाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं के साथ पूजन अर्चन के बाद शोभा यात्रा निर्धारित मार्गों पर भ्रमण करने के बाद रामघाट पहुंची। जहां शाम के समय मन्दाकिनी नदी में भगवान को जल विहार कराया गया।

इस मौके पर भागवत पीठ के संस्थापक आचार्य नवलेश दीक्षित, कथा वाचक आचार्य चंदन दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश कुमार मिश्र, विनोद मिश्रा, गुड्डन दुबे, केशव शिवहरे, डेविड गुप्ता, शंकर प्रसाद गुप्ता, गुरूचरण पाण्डेय, प्रदुम्न अग्रवाल, राजा गजराज, विष्णु कुमार गुप्ता, अनुज त्रिपाठी, अंकुर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# 15 दिन के अन्दर समाप्त हो जाने चाहिए राजापुर मार्ग के गड्ढे - डीएम

**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों एवं गड्ढा मुक्त के सम्बन्ध में बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने एनएच बांदा से कहा कि खोह से नो एंट्री तक रोड खराब है, पूरी रोड 15 दिन में सही कराएं। उन्होंने एनएच बांदा से कहा कि कार्यशैली में सुधार करें, ठेकेदार के भरोसे न रहें, स्वयं जाकर के देखें। उन्होंने मंदाकिनी नदी से बेडी पुलिया तक हो रहे नाला निर्माण में कहा कि आप लोग लोकल लोगों से समन्वय बनाकर कुछ जगहों पर रैंप व इंटरलॉकिंग बनवाएं। उन्होंने कहा कि इसकी देखरेख के लिए अभियंता प्रांतीय खंड व उप जिलाधिकारी के निर्देशन में एक टीम बनाई जाए जो निरीक्षण करेगी। नेशनल हाईवे प्रयागराज के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि पहाड़ी की स्थिति खराब है। राजापुर में गढ्ढे है, उसको भी 15 दिन के अंदर कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजापुर का नाला निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि यमुना पुल से लेकर ट्रैफिक चैराहा तक सभी गड्ढा मुक्त होना चाहिए। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड से मुख्य सड़क व गांव की सड़कों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बेडी पुलिया से लेकर सूरजकुंड की जो सड़क है, उसे ठीक कराएं। ददरी माफी व बहिलपुरवा देवांगन रोड पुरी ध्वस्त है, इसे ठीक कराएं। उन्होंने कहा कि मऊ से ग्राम पंचायत ताडी तक का मार्ग खराब है, उसे सही कराएं। सरैया से बोड़ी पोखरी तक का रोड खराब है उसे ठीक कराएं। साथ ही चैड़ीकरण के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजें। उन्होंने कहा कि बगरढ से जो ग्राम पंचायत के लिए रोड जाती है, उसको भी ठीक कराएं। उन्होंने पीएमजेएसवाई के एई विनोद कटिहार के बैठक में उपस्थित न होने पर एक दिन का वेतन रोकने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि एक भी गड्ढे दिखाई नहीं देना चाहिए। उन्होंने मंडी परिषद, जिला पंचायत, नगर पालिका की सडकों को उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित कर उसे ठीक कराएं।




इस मौके पर अधिशासी अभियंता प्रातिय खंड सत्येंद्र नाथ, अधिशासी अभियंता सीडी कृष्ण कुमार, एन एच प्रयागराज विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## इंडो पैसिफिक सैन्य सम्मेलन में भाग लेने नेपाल के प्रधान सेनापति दिल्ली रवाना

**काठमांडू।** भारतीय और अमेरिकी सेना की संयुक्त मेजबानी में सोमवार से होने वाले इंडो पैसिफिक सैन्य सम्मेलन में भाग लेने के लिए नेपाल के प्रधान सेनापति महारथी प्रभुराम शर्मा दिल्ली के लिए रवाना हुए। भारतीय थलसेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे के निमंत्रण पर नेपाली सेना के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए महारथी शर्मा दिल्ली गए हैं। 25-26 को भारत और अमेरिकी सेना के संयुक्त तत्वावधान में हो रहे इस इंडो पैसिफिक सैन्य सम्मेलन में करीब तीस देशों के सेना प्रमुख शामिल होने वाले हैं।




## मैक्सिको में अजब मामला: पुलिस ने 'शैतानी गुड्डे' को गिरफ्तार किया! हाथों में चाकू लेकर लोगों को डराने का आरोप

**न्यूयॉर्क।** मैक्सिको में एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है, जहां पुलिस ने एक गुड्डे को गिरफ्तार किया है। हालांकि, यह कोई ऐसा वैसा गुड्डा नहीं है, बल्कि यह एक डरावना गुड्डा है, जिसका नाम चकी है। दरअसल, गुड्डे का मलिक चकी का इस्तेमाल लोगों को डराने के लिए करता था। अमेरिकी मीडिया के अनुसार पुलिस ने गुड्डे को गिरफ्तार करने के साथ उसके मालिक को भी पकड़ लिया है। इस गुड्डे को शैतानी गुड्डे के नाम से जाना जाता है। लोगों को डराने के लिए इसके हाथ में एक असली चाकू दे दी जाती है। चकी और उसके मालिक के ऊपर 11 सितंबर को उत्तरी मैक्सिको के कोहुइला राज्य के शहर मोनक्लोवा में लोगों को डराने का आरोप लगा है। गुड्डे का मालिक इससे पहले भी लोगों को डराने और उनसे पैसे लेने के लिए गुड्डे का इस्तेमाल करता आया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान कार्लोस के तौर पर हुई है, जो शहर के मेन स्क्वायर पर नशे की हालत में था और लोगों को डराने के लिए उसने अपने चेहरे पर गुड्डे को रखा हुआ था। उन्होंने आगे बताया कि यह एक अपराध है, और इसी वजह से आरोपी और उसके गुड्डे को गिरफ्तार किया गया है।



## सिंगापुर में चीनी कैब चालक ने मां-बेटी से किया दुर्व्यवहार, कहा- 'तुम भारतीय हो, बहुत ही बुरी और मूर्ख हो'




**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक चीनी कैब चालक के खिलाफ उसके वाहन में सवार एक महिला और उसकी बेटी को अपशब्द कहने के आरोप में जांच शुरू की गई है। आरोप है कि चीनी कैब चालक ने मां-बेटी को भारतीय समझकर अपशब्द कहे। शुरुआती जांच में सामने आया कि महिला द्वारा गंतव्य को लेकर गलत जानकारी देने के कारण कैब चालक नाराज हो गया। शनिवार को हुई घटना को लेकर 46 वर्षीय जेनेला होइडन ने कहा, ''कैब चालक ने मुझसे कहा, 'तुम भारतीय हो, तुम मूर्ख हो।'' द स्ट्रेट टाइम्स की खबर के मुताबिक, घटना के समय जेनेला अपनी नौ वर्षीय बेटी के साथ सफर कर रही थीं। पीड़िता ने चालक के साथ हुई तीखी बहस को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। जेनेला ने कहा कि उन्होंने अपराह्न करीब दो बजे कैब बुक की थी और रास्ते में मेट्रो निर्माण कार्य के कारण मार्ग का एक हिस्सा बंद था। उन्होंने कहा कि मार्ग अवरुद्ध होने से कैब चालक नाराज हो गया। पीड़िता ने कहा, ''चालक मुझ पर चिल्लाने लगा और कहने लगा कि मैंने उसे गलत पता और गलत रास्ता बताया है।' घटना का विवरण देते हुए जेनेला ने कहा, ''चालक ने कहा कि आप भारतीय हैं, मैं चीनी हूं... आप बहुत ही बुरी हैं।'

# यूक्रेन ने ढेर कीं 11 रूसी करूज मिसाइलें, 19 ड्रोन भी मार गिराए

**कीव।** यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद दोनों ओर से जोरदार युद्ध चल रहा है। यूक्रेन ने दावा किया है कि रूस के हमले तेज हो रहे हैं और यूक्रेनी सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। यूक्रेन की वायु सेना ने दावा किया है कि यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में रूस द्वारा लॉन्च किए गए 12 क्रूज मिसाइलों में से 11 मिसाइलों को ढेर कर दिया। साथ ही, रूस द्वारा लॉन्च किए गए 19 ड्रोनों को भी मार गिराया।यूक्रेन की वायु सेना ने रूसी हमले का जबर्दस्त प्रतिरोध करने की जानकारी देते हुए कहा कि रूस ने यूक्रेन पर दो जहाज रोधी मिसाइलों से भी हमला किया। दावा किया गया कि रूस ने यूक्रेन में डोनेट्स्क के पश्चिमी शहर पर हमला किया था। डोनेट्स्क के पश्चिमी शहर पर हुए



इस रूसी हमले में 13 लोग घायल हो गए थे, जिसमें से एक को मलबे के नीचे से निकाला गया है। साथ ही रूस ने खेरसॉन और ज़ापोरिज़िया क्षेत्रों में हमला कर तीन नागरिकों को मार डाला। रूस ने कहा है कि रूसी सेनाओं ने तुला के ऊपर भी ड्रोन गिराए हैं। इस बीच यूक्रेनी सेना की सक्रियता बढ़ी है। वर्बोव में यूक्रेनी सेनाओं ने एक बार फिर आधे शहर पर कब्जा कर लिया है। डोनेट्स्क क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

यूक्रेन का दावा है कि रूसी सेना यूक्रेनी बच्चों को जबरन निर्वासित कर रूस का हिस्सा बना रही है। वैसे अमेरिका की ओर से यूक्रेन को मदद का सिलसिला जारी है। अब अमेरिका ने यूक्रेन को नई सुरक्षा सहायता के तहत 12.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के हथियार और उपकरण देने की घोषणा की है। ईसाई धर्मगुरु पोप ने युद्ध का सामना कर रहे यूक्रेनवासियों को शहीद की संज्ञा दी है।

## यूक्रेन के खेरसॉन प्रांत में रूसी हवाई हमले में दो की मौत, तीन घायल

**अटलांटा।** रूस ने दक्षिणी यूक्रेन के खेरसॉन प्रांत में मिसाइल से हमले किया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक रूसी सेना ने बेरीस्लाव शहर पर हमला किया है। रूसी हमले में लोगों के घरों को निशाना बनाया गया, जिसमें एक पुलिस अधिकारी की मौत हुई और तीन लोग घायल हुए हैं। वहीं, एक अन्य हवाई हमले में 67 वर्षीय व्यक्ति की भी मौत हो गई। रूसी हवाई हमले से यूक्रेन के नियंत्रण वाले खेरसॉन क्षेत्र के लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं, रूस में एक यूक्रेनी ड्रोन द्वारा किए हमले में एक प्रशासनिक इमारत को निशाना बनाया। हमले में इमारत को मामूली नुकसान हुआ है। हमले पर यूक्रेन की तरफ से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं, यूक्रेन ने सुबह क्रीमिया के कब्जे वाले सेवस्तोपोल पर एक और मिसाइल हमला किया। एक दिन पहले यूक्रेन ने रूस के काला सागर स्थित समुद्री बेड़े के मुख्यालय पर हमला बोला था। यूक्रेन के खुफिया प्रमुख किरिलो बुडानोव ने कहा कि काला सागर बेड़े पर हमले में कम से कम नौ लोग मारे गए और 16 घायल हुए।



## नाइजर के नए सैन्य शासक के आगे झुका फ्रांस, राजदूत व सेना की होगी वापसी

**नियामे/ पेरिस।** नाइजर के नए सैन्य शासक के साथ दो माह तक प्रतिरोध के बाद अंततः फ्रांस को झुकना पड़ा है। अब नाइजर से फ्रांसीसी राजदूत व सेना की वापसी होगी। नाइजर की सेना ने 26 जुलाई को तख्तापलट कर राष्ट्रपति मोहम्मद बाजोम को पद से हटा दिया था। राष्ट्रपति मोहम्मद बाजोम को फ्रांस समर्थक माना जाता था और इस समय फ्रांस के 1500 सैनिक नाइजर में तैनात भी हैं। सत्ता संभालने के बाद नाइजर के सैन्य शासक जनरल अब्दुर्रहमान त्चियानी ने फ्रांस के राजदूत को 48 घंटे के अंदर चले जाने के लिए कहा था। साथ ही फ्रांस की सेना को भी वापस बुलाने की बात कही गयी थी। नाइजर की जनता भी प्रदर्शन कर फ्रांसीसी सैनिकों की वापसी की मांग कर रही थी। इसके बावजूद फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों इसके लिए तैयार नहीं थे। अब करीब दो महीने तक प्रतिरोध के बाद फ्रांसीसी राष्ट्रपति नाइजर से अपने राजदूत और फ्रांसीसी सेना को हटाने के लिए तैयार हो गए हैं।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने कहा कि फ्रांस ने अपने राजदूत को हटाने का फैसला किया है। अगले कुछ घंटे में हमारे राजदूत और अन्य राजनयिक फ्रांस लौट आएंगे।




राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि आने वाले कुछ महीने या कुछ सप्ताह के अंदर सैनिकों को हटाया जाना शुरू होगा और साल के आखिर तक पूरी तरह से सैनिकों को हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम विद्रोहियों के साथ सलाह करेंगे, क्योंकि हम चाहते हैं कि यह शांतिपूर्ण तरीके से हो जाए। नाइजर के सैन्य शासकों ने फ्रांस के इस बयान पर जश्न मनाने की बात कही। साथ ही इस फैसले को नाइजर की संप्रभुता की दिशा में एक नया कदम बताया। हालांकि, नाइजर की सेना ने फ्रांसीसी विमानों को अपने हवाई क्षेत्र से उड़ने पर रोक लगा दी है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि नाइजर की सेना फ्रांसीसी विमानों को राजदूत को वापस ले जाने की अनुमति देगी कि नहीं।

## कनाडा की संसद में हिटलर समर्थक पूर्व सैनिक सम्मानित, स्पीकर को मांगनी पड़ी माफी

**ओट्टावा।** कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार लगातार शर्मनाक हरकतें कर रही है और कनाडा की संसद उन शर्मनाक हरकतों का हिस्सा बन रही है। अब कनाडा की संसद में हिटलर समर्थक एक पूर्व सैनिक को सम्मानित किये जाने का मामला सामने आया है, जिसके लिए बाद में कनाडाई संसद के स्पीकर को माफी तक मांगनी पड़ी है। हाल ही में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कनाडा का दौरा किया। इस दौरान जेलेंस्की ने कनाडा की संसद को संबोधित भी किया। जेलेंस्की के संसद में संबोधन के दौरान द्वितीय विश्व युद्ध का हिस्सा रहे एक पूर्व सैनिक यारोस्लोव हुंका को यूक्रेनी नायक के तौर पर सम्मानित किया गया। हुंका ने यूक्रेन की तरफ से रूस के खिलाफ युद्ध लड़ा था। इस दौरान कनाडा के सभी सांसदों ने हुंका का खड़े होकर अभिवादन किया। हालांकि बाद में पता चला कि हुंका ने हिटलर की नाजी सेना में भी अपने सेवाएं दीं। जब यह जानकारी सामने आई तो हंगामा हो गया। एक नाजी समर्थक को युद्ध के नायक के तौर पर सम्मानित किये जाने को



बेहद शर्मनाक करार दिया जा रहा है। इस संबंध फ्रेंड्स ऑफ साइमन वीजेंथल सेंटर ने बयान जारी कहा कि जब दुनिया में यहूदी विरोध बढ़ रहा है, ऐसे में यह बेहद पीड़ादायक है कि कनाडा की संसद में नाजी सेना की एक डिवीजन में सेवा दे चुके एक सदस्य को सम्मानित किया गया। यह डिवीजन यहूदियों और अन्य की हत्याओं के लिए जिम्मेदार थी। आलोचनाओं के चलते कनाडा की संसद के स्पीकर ने घटना पर माफी मांगी। स्पीकर ने यहूदी समुदाय से भी विशेष तौर पर माफी मांगी। इस घटना को लेकर विपक्ष ने कनाडा की सरकार को घेर लिया है। कनाडा के विपक्षी नेता पिएरे पोलिवरे ने पीएम जस्टिन ट्रूडो से माफी की मांग की है। पिएरे ने सवाल उठाते हुए कहा कि 'हाउस ऑफ कॉमन्स में बुलाए जाने और सम्मानित किए जाने से पहले क्या किसी भी सांसद को इस व्यक्ति के अतीत की जांच करने का मौका नहीं मिला? इसके लिए जस्टिन ट्रूडो को व्यक्तिगत रूप से माफी मांगनी चाहिए और दूसरों पर इसका दोष मढ़ने से बचना चाहिए, जैसा कि वह हमेशा करते हैं।

# यूके: बेटे की मौत से निराश भारतीय मूल के व्यक्ति ने मरीजों के अधिकारों के लिए चलाया अभियान, लोगों से की अपील

लंदन। ब्रिटेन में एक भारतीय मूल के व्यक्ति ने मरीजों के अधिकारों के लिए 'पेशेंट लाइव्स मैटर' नामक अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान को शुरू करने वाले जय पटेल के बेटे की बीते दिनों मौत हो गई थी। जय पटेल का मानना है कि डॉक्टरों की लापरवाही के कारण उनके बेटे की मौत हुई। इसकी जांच चल रही है। बता दें कि जय पटेल का आरोप है कि इस महीने की शुरुआत में उनके 30 वर्षीय बेटे बलराम की लंदन स्थित अस्पताल में सही इलाज ना मिलने और सही देखभाल ना मिलने के चलते जान चली गई थी।

अभियान की शुरुआत में अपने बयान में जय पटेल ने कहा कि उनका बेटा बलराम बहुत दर्द और परेशानी में मरा और समय से पहले उसकी जान चली गई। इसकी वजह इलाज और देखभाल में कमी थी। हमारा मानना है कि सरकार इस दिशा में मजबूत कदम उठा रही है कि रोगी की देखभाल में क्या गलत हुआ। यह



**अभियान की शुरुआत में अपने बयान में जय पटेल ने कहा कि उनका बेटा बलराम बहुत दर्द और परेशानी में मरा और समय से पहले उसकी जान चली गई।**

सुनिश्चित करना जरूरी है कि रोगी को कोई नुकसान ना हो। जय पटेल ने इस मामले में लोगों से अपनी राय और सुझाव देने की अपील की है। जय पटेल ने कहा कि अपने बलराम के जाने से हम बहुत दुखी हैं। पेशेंट लाइव्स मैटर अभियान के तहत हम चाहते हैं कि संसद में भी इस पर चर्चा हो और बदलाव आए। इससे पहले ब्रिटेन में मार्था रूल नाम से भी एक अभियान चलाया गया था, जिसमें दूसरी सलाह लेने की स्वतंत्रता देने की मांग की गई है। 13 साल की मार्था की साल 2021 में सेप्सिस के कारण मौत हो गई थी, जिसके बाद उसकी मां ने इस अभियान की शुरुआत की। ब्रिटेन की सरकार ने भी इस अभियान को समर्थन दिया है।

# इमरान खान को अब जेल में मिलेगी उच्च स्तरीय सुविधा, अदालत ने दिया अदियाला जेल में ट्रांसफर का आदेश

**टोरंटो।** इमरान खान को अब जेल में मिलेगी उच्च स्तरीय सुविधा, अदालत ने दिया अदियाला जेल में ट्रांसफर का आदेशपाकिस्तान की एक शीर्ष अदालत ने अधिकारियों से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पंजाब प्रांत के अटोक जेल से निकालकर रावलपिंडी के गैरीसन शहर के उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में रखने का आदेश दिया है। अगस्त में तहरीक-ए-इस्लाम पार्टी ने इस्लामाबाद हाई कोर्ट में पूर्व पीएम को उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में रखने के लिए याचिका दायर की थी।




हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने इमरान खान को अटोक जेल से निकालकर रावलपिंडी के अदियाला जेल में रखने का निर्देश दिया। 70 वर्षीय इमरान खान को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सजा के तौर पर पांच अगस्त से ही अटोक जेल में रखा गया है। हालांकि, इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने उनकी सजा निलंबित कर दी थी, लेकिन उन्हें गुप्त दस्तावेजों को लीक करने के मामले में अटोक जेल में ही रखा गया। सरकारी गोपनीयता अधिनियम के अंतर्गत एक विशेष अदालत ने गुप्त दस्तावेजों को लीक करने के मामले में 13 सितंबर को इमरान खान की रिमांड बढ़ाकर 26 सितंबर तक कर दी। इस्लामाबाद अदालत ने पूर्व पीएम को तीन साल की सजा सुनाई है और अधिकारियों को उन्हें अदियाला जेल में रखने का भी आदेश दिया है। बता दें कि गिरफ्तारी के बाद से ही इमरान खान को अटोक जेल में रखा गया है।

## अमेरिका- मां ने बच्चे को पानी से भरे फ्रीजर में रखा, कहा- देखना चाहती थी पिता का प्यार; अब हुई जेल की सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां के ओरेगॉन में एक महिला को 30 दिनों के लिए जेल की सजा सुनाई गई है। दरअसल, महिला ने यह देखने के लिए अपने बच्चे को फ्रीजर में रख दिया कि उसके पिता को उसकी परवाह है या नहीं।

**तुम्हें कोई मतलब नहीं...**

मामला साल 2021 का है। ओरेगॉन में पुलिस को एक बच्चे को फ्रीजर में रखे जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस जब वहां पहुंची तो उसने शारडे




मैकडोनाल्ड को बच्चे के पिता पर चिल्लाते हुए सुना। महिला जोर-जोर से चिल्ला रही थी, 'मैं तुम्हें बहुत जल्दी दिखाने वाली हूं। तुम उसे नहीं चाहते? रुको, मैं तुम्हें दिखाती हूं इस छोटे बच्चे के साथ क्या कर सकती हूं। तुम्हें कोई मतलब नहीं....।'

जब पुलिस ने अपार्टमेंट का दरवाजा खटखटाया, तो महिला बच्चे को कंबल में लपेटे हुए बाहर आई। अधिकारियों ने पूछताछ की तो उसने बताया कि वह बच्चे को पानी से भरे फ्रीजर में रखककर उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश नहीं कर रही थी।

**तस्वीरें सामने आई**

बच्चे को पानी में डुबोते हुए उसकी तस्वीरें भी थीं। अधिकारियों ने कहा कि तस्वीरों को देखकर लग रहा था कि बच्चे को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, जबकि उसके मूंह पर पानी बह रहा था। जब पुलिस मैकडोनाल्ड को पकड़कर ले जा रही थी, तो उसने कहा कि यह देखने के लिए ऐसा किया था कि क्या उसके पति नील को बच्चे से फर्क पड़ता है या नहीं।

**30 दिन की सजा**

बता दें, 28 अक्तूबर, 2021 को जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि बच्चे के साथ दुर्व्यवहार किया गया था। इसके बाद 30 वर्षीय शारडे मैकडोनाल्ड को आपराधिक दुर्व्यवहार, आईडी चोरी और एक गवाह के साथ छेड़छाड़ का दोषी ठहराया गया। अब, महिला को 30 दिन की जेल की सजा सुनाई गई है।

मुल्नोमा काउंटी डिटेंशन सेंटर के अनुसार, मैकडॉनल्ड्स को 6 अक्तूबर को रिहा किया जाएगा। महिला ने 28 जुलाई को इन

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# ग्लोबल वार्मिंग: COP28 में वर्ष 2030 तक रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता को तीन गुना करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली:** दुनिया में एनर्जी ट्रांजिशन में तेजी लाने और जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने के लिए पिछले दिनों आयोजित जी 20 सम्मेलन में इन देशों के नेताओं ने वर्ष 2030 तक वैश्विक रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन क्षमता को तीन गुना करने का संकल्प व्यक्त किया है। वहीं 18 सितंबर को यूएन जनरल असेंबली एंड न्यूयॉर्क क्लाइमेट वीक के अवसर पर ग्लोबल रिन्यूअल अलायंस (जीआरए) ने 200 से ज्यादा संगठनों की तरफ से एक ओपेन लेटर प्रकाशित करते हुए, उडढ28 में वर्ष 2030 तक रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता को तीन गुना करने का आह्वान किया है। इसमें रिन्यूएबल एनर्जी कम से कम 11 हजार गीगावाट तक करने का लक्ष्य निर्धारित करने की बात कही गयी है। मेगा इलेक्ट्रॉनिक डेज - लैपटॉप, स्मार्टवॉच, हेडफोन्स, और और भी बहुत कुछ पर उपयोग्कताओं को पाएं तकरीबन 65% तक की छूट। इसका पैगाम यह है कि ग्लोबल वार्मिंग में बढ़ोत्तरी को डेढ़ डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने की राह पर लौटने के लिए अगले 8 वर्षों के दौरान रिन्यूएबल एनर्जी को अभूतपूर्व पैमाने और रफ्तार से आगे बढ़ाना होगा। यह लक्ष्य इस महत्वपूर्ण दशक में अपनी ऊर्जा प्रणालियों को बहुत तेजी से रूपांतरित करने की तत्कालिकता को भी जाहिर करता है, जिसका संकल्प पिछले साल हुई सीओपी27 की बैठक में लिया गया था। सीओपी28 के अध्यक्ष, नीति निर्धारक और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसियों के प्रमुख वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन क्षमता को तीन गुना करते हुए उसे कम से कम 11000 गीगावॉट तक पहुंचने का साझा लक्ष्य पहले ही तय कर चुके हैं।

**वर्ष 2050 तक नेट जीरो वैश्विक ऊर्जा प्रणाली**

इसका मतलब यह है कि पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, पन बिजली और जियोथर्मल पावर की उत्पादन क्षमता में तेजी लानी होगी, जिससे दीर्घकालिक स्टोरेज और ग्रीन हाइड्रोजन जैसी प्रौद्योगिकियों के लिए उभार का एक मंच तैयार होगा। इससे ऊर्जा प्रणालियों का न सिर्फ साफ होना सुनिश्चित होगा बल्कि वे न्यायसंगत और सुरक्षित भी बनेंगी। इसके परिणामस्वरूप वर्ष 2050 तक नेट जीरो वैश्विक ऊर्जा प्रणाली की नींव भी पड़ेगी। रिन्यूएबल एनर्जी दुनिया भर में पहले से ही समुदायों को रूपांतरित कर रही है।